विद्यार्थी का नाम : ......................................... कक्षा : ..................... समूह का नाम ...........................

स्कूल का नाम ..........................................................................................................................



# हमारा गणित

## कक्षा– 6 से 8

एक ड्रम से 37 लीटर तेल निकालने के बाद उसमें 25 लीटर तेल बचा हुआ है। बताएँ, पहले से उस ड्रम में कितना लीटर तेल था?

**समूह में चर्चा करें :**

1. सवाल में क्या जानकारी दी गई है?
2. सवाल में क्या पूछा गया है?
3. इसे हल करने के लिए क्या करना होगा?
4. जोड़/घटाव/गुणा/भाग ही क्यों करना होगा?

**State Council for Educational Research and Training**
Varun Marg, Defence Colony, New Delhi-110024



सत्यमेव जयते



## उप मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

यह एक कड़वी सच्चाई है कि दिल्ली नगरपालिका के प्राथमिक विद्यालयों व दिल्ली सरकार के माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बहुत से बच्चे अपनी कक्षा-स्तरीय पाठ्यपुस्तकों को पढ़ने में भी सक्षम नहीं हैं।

पिछले तीन वर्षों में, दिल्ली सरकार ने ऐसे कई तरह के कदम उठाए, जिनसे कक्षा 6-8 के बच्चों की शिक्षा के स्तर में सुधार आया। इस पहल से हमें कई अच्छे परिणाम भी मिले, परन्तु हमने यह भी जाना कि हम सभी बच्चों को उनके शिक्षा स्तर तक लाने में पूरी तरह सफल तभी हो सकते हैं जब हम प्राथमिक कक्षाओं से ही बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें।

सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हर बच्चे को सफल होने का हर प्रकार से मौका मिलना चाहिए। 'कोई भी बच्चा पीछे न छूटे', यह सुनिश्चित करना 'मिशन बुनियाद' का प्रयास है। बच्चों में पढ़ने की क्षमता व मूलभूत (बेसिक) गणित की समस्याओं को हल करने की क्षमता अति महत्वपूर्ण है। इन्ही क्षमताओं के आधार पर आगे की कक्षाओं में शिक्षक  अन्य सभी विषयों को सिखा सकते हैं।

सभी अभिभावकों के पूर्ण सहयोग द्वारा ही मिशन बुनियाद को सफल बनाया जा सकता है। ज़रूरी है कि हमें अपने सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे आवश्यक विषयों एवं पाठ का भली-भांति ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस प्रकार के छोटे छोटे कदम हमारे बच्चों की सफलता सुनिश्चित कर सकते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शिक्षक व अभिभावक साथ मिलकर सभी बच्चों के लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे।

शिक्षित राष्ट्र समर्थ राष्ट्र

शुभकामनाओं सहित,

मनीष सिसोदिया

# आज के सवाल

Day-1

**1** L-1

रहीम ने अपने छोटे भाई को 22 रुपये दिए। अब रहीम के पास सिर्फ़ 58 रुपये हैं। बताएँ, छोटे भाई को देने से पहले रहीम के पास कितने रुपये थे?

**2** L-1

अर्शी के पास 38 और शिफ़ाली के पास 25 गोटियाँ हैं। बताएँ, अर्शी के पास शिफ़ाली से कितनी गोटियाँ अधिक हैं?

**3** L-1

एक पुस्तक का मूल्य 35 रुपये है। यदि रोहित ने ऐसी ही 5 पुस्तकें ख़रीदीं तो बताएँ कि उसने दुकानदार को कितने रुपये दिए?

**4** L-1

हरमन ने चार किलो आलू 60 रुपये में ख़रीदे। यदि हरमन एक किलो आलू ख़रीदता तो वह दुकानदार को कितने रुपये देता?

**5** L-1

दी गई आकृति के जैसी गोल दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



**6** L-1

1 से 100 तक लिखने में कितनी बार 1 का इस्तेमाल होता है?



# देखें और सोचें

Day-2




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- नौ को उस आकृति से मिलाएँ जो कुल नौ हैं तथा आकृति का नाम बताएँ?
- चित्र में कुल कितने सितारे आपको नज़र आ रहे हैं तथा उन्हें उनकी कुल संख्या वाले अंक से मिलाएँ?
- एक अंक किस आकृति को दिखा रहा है?
- गेंद की कुल संख्या बताएँ तथा उस अंक से मिलाएँ।
- अगर बल्ब के अंक को आप, गेंद के अंक के साथ रखें तो कौन–कौन सी संख्याएँ बनाई जा सकती हैं?

# आज के सवाल

Day-3

**7** L-1

विद्यालय में फुटबॉल के मैच में दर्शकों की संख्या 45 है। यदि एक पक्तियाँ में 15 दर्शक बैठ सकते हैं तो दर्शकों की कितनी पंक्तियाँ होंगी?

**8** L-1

मेरे पास 58 रुपये हैं और शबीना के पास मुझसे 34 रुपये अधिक हैं। बताएँ, शबीना के पास कितने रुपये हैं?

**9** L-1

रवि अभी तक 7 क्रिकेट मैच खेले हैं। उसे कुल 22 मैच खेलने हैं। बताएँ, रवि को अभी और कितने मैच खेलने होंगे?

**10** L-1

एक वर्गाकार खेत की 4 मेढ़ों पर शीशम के पेड़ लगाए गए हैं। एक मेढ़ पर 12 शीशम के पेड़ लगे हैं। बताएँ, सभी मेढ़ों पर कितने पेड़ लगे होंगे?

**11** L-1

दी गई आकृति के जैसी त्रिकोण दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



**12** L-1

1 से 100 तक लिखने में कितनी बार शून्य (Zero) का इस्तेमाल होता है?



# देखें और सोचें

Day-4



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- टॉमी को हड्डी तक पहुँचने के लिए कितनी आकृतियों से गुज़रना पड़ेगा?
- टॉमी के रास्ते में कितने त्रिभुज व कितने वृत आएँगे?
- उसके रास्ते में क्या कोई शंकु आएगा? यदि हाँ तो कितने?
- टॉमी के रास्ते में ग्लास जैसी जो आकृति है उसे हम क्या कहते हैं?
- दिए गए चित्र में कितने वृत्त हैं?
- टॉमी के रास्ते में कितने चतुर्भुज हैं?
- क्या कोई घनाभ भी टॉमी के रास्ते में मिलेगा?

# आज के सवाल

Day-5

**13** L-1

एक बस में 45 लोग बैठे थे। अगला स्टॉप आते ही 29 लोग उतर गए। बताएँ, बस में अभी कितने लोग हैं?

**14** L-1

आपके पास जितनी किताबें हैं उनसे 7 गुना किताबें मेरे पास हैं। यदि आपके पास 13 किताबें हैं तो बताएँ मेरे पास कितनी किताबें होंगी?

**15** L-1

अंडे की एक पेटी में 210 अंडे की ट्रे रखी गई हैं। हर ट्रे में 30 अंडे रखे जाते हैं तो बताएँ उस पेटी में कुल कितनी ट्रे हैं?

**16** L-1

अनुराधा की अभी वर्तमान आयु 25 वर्ष है। बताएँ, 15 वर्ष बाद अनुराध की आयु क्या होगी?

**17** L-1

दी गई आकृति के जैसी चौकोर दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



**18** L-1

11, 69 और 88 में क्या समान (Common) है?

# Worksheet-1

Day-6

## Section-A

**प्र. 1.** मिलान करें।

| संख्या | संख्यानाम | संख्या | संख्यानाम |
|---|---|---|---|
| 446 | पाँच सौ सत्तावन | 559 | सात सौ तिरसठ |
| 557 | आठ सौ उनहत्तर | 763 | छह सौ इक्यावन |
| 681 | चार सौ छियालीस | 307 | पाँच सौ उनसठ |
| 973 | छह सौ इक्यासी | 651 | तीन सौ सात |
| 869 | नौ सौ तिहत्तर | | |

## Section-B

**प्र. 2.** चिह्नों को समझते हुए हल करें।

$$\begin{array}{r} 6\ 8 \\ +\ 2\ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 5\ 2 \\ +\ 3\ 9 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 7\ 5 \\ -\ 3\ 8 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 8\ 0 \\ -\ 2\ 9 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

## Section-C

**प्र. 3.** एक मैच में युवराज सिंह ने 68 रन बनाए। कितने रन और बनाने से उसके 90 रन हो जाते?

**प्र. 4.** किसी शादी में बारात द्वारा 72 रसगुल्ले खाने के बाद भी 28 रसगुल्ले बच गए। बताएँ, उस शादी में बारातियों के लिए कितने रसगुल्ले बनाए गए थे?

## Section-D

**प्र. 5.** नीचे दी गई आकृतियों के जैसी दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



# आज के सवाल

**19** L-1

एक टोकरी में 95 फूल हैं। 6–6 फूलों की मालाएँ बनानी हैं। बताएँ, कितनी मालाएँ बनेंगी और कितने फूल शेष बचेंगे?

**20** L-1

साहिल ने एक दुकान से 78 रुपये का समान ख़रीदा। उसने दुकानदार को 100 रुपये का नोट दिया। बताएँ, साहिल को दुकानदार से कितने रुपये वापस मिलेंगे?

**21** L-1

एक बस में 17 बच्चे चढ़े। यदि 38 बच्चे पहले से उस बस में बैठे हैं तो बताएँ बस में अब कितने बच्चे हैं?

**22** L-1

विद्यालय की प्रार्थना सभा की प्रत्येक पंक्ति में 19 विद्यार्थी खड़े हैं तो बताएँ 12 पंक्तियों में कुल कितने विद्यार्थी खड़े होंगे?

**23** L-1

दी गई आकृति के जैसी दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



**24** L-1

डॉक्टर ने आपको तीन दवाईयाँ दी और कहा कि आपको हर आधे घण्टे में 1 दवाई लेनी है। तीनों दवाईयाँ लेने में कितना समय लगेगा?



# देखें और सोचें

Day-8

## पढ़ें और समझें

**टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहे थे।**




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- अगर 6 की बाईं तरफ़ 9 लिखता तो कौन – सी संख्या बनती? शब्दों में लिखें।
  उत्तर :
- अगर 6 की दाईं तरफ़ 9 लिखता तो कौन – सी संख्या बनती? अंकों में लिखें।
- 6 की बाईं तरफ़ 9 लिखने पर 9 का स्थानीय मान कितना होगा?
- 6 की दाईं तरफ़ 9 लिखने पर 9 का विस्तारित रूप क्या होगा?
- संख्या 92 में 9 का अंकित मान कितना होगा?
- 18 और 81 में कौन – सी संख्या बड़ी होगी?
- 25 और 52 में कितना अंतर होगा?
- 84 और 48 संख्याओं का योगफल, उनके अंतर से कितना ज़्यादा होगा?

# आज के सवाल

**25** L-1

माचिस की एक डिब्बी में 35 तीलियाँ हैं तो बताएँ ऐसी ही 4 डिब्बियों में कितनी तीलियाँ होंगी?

**26** L-1

दो संख्याओं का गुणनफल 91 है। यदि एक संख्या 7 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**27** L-1

एक कक्षा में से 37 बेंच निकालने के बाद 45 बेंच शेष बचे तो बताएँ उस कक्षा में पहले से कितने बेंच मौजूद थे?

**28** L-1

दो संख्याओं का योग 82 है। अगर पहली संख्या 38 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**29** L-1

दी गई आकृति के जैसी दिखने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखें।



**30** L-1

कैसे आप 8 को 8 बार प्रयोग करके जोड़ेंगे कि जोड़ 1,000 हो जाए?



# देखें और सोचें

Day-10

## त्रिभुज, आयत और वर्ग जैसी दिखने वाली आकृतियों को गिनें और प्रश्न हल करें



(अ) (ब)

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- त्रिभुज की कुल संख्या?
- आयत की कुल संख्या?
- वर्ग की कुल संख्या?
- आकृति 'अ' में कितने त्रिभुज हैं?
- आकृति 'ब' में कितने त्रिभुज हैं?
- आकृति 'अ' में कितने वर्ग हैं?
- आकृति 'अ' में कितने आयत हैं?
- आकृति 'अ' में 'ब' से कितने त्रिभुज अधिक हैं?
- आकृति 'ब' में 'अ' से कितने वर्ग कम हैं?
- कितने त्रिभुज 'अ' और 'ब' दोनों में हैं?

# आज के सवाल

Day-11

**31** L-1

किसी स्कूल में कक्षा 6 के चार विभाग हैं। प्रत्येक विभाग में 35 छात्रा हैं। बताएँ, उस स्कूल में कक्षा 6 के कुल छात्रों की संख्या कितनी हैं?

**32** L-1

96 लोगों को एक भोज में आमंत्रित किया गया है। कैटरर टेबल की व्यवस्था कर रहा है। प्रत्येक टेबल पर अधिक से अधिक 8 लोगों के बैठने की व्यवस्था हो सकती है। बताएँ, कम से कम कितने टेबल की आवश्यकता होगी?

**33** L-1

45 में कितना जोड़ें कि वह 97 हो जाए?

**34** L-1

एक बग़ीचे में 48 आम के, 26 लीची के और 15 अमरूद के पेड़ हैं। बताएँ, बग़ीचे में फलों के कितने पेड़ हैं।

**35** L-1

क्या फुटबॉल को हम वृत्ताकार कह सकते हैं? यदि हाँ तो क्यों? यदि नहीं तो उसकी आकृति कैसी होती है?

**36** L-1

तीन संख्याएँ जिनको जोड़ने पर तथा गुणा करने पर समान उत्तर आता है।

# Worksheet-2

Day-12

## Section-A

प्र. 1. संख्या में चिन्हित अंक तथा उसका स्थानीय मान लिखें।

| |
|---|
| $4\underline{3}$ में 3 का स्थानीय मान = 3 |
| $\underline{7}6$ में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| $\underline{1}23$ में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| $23\underline{4}$ में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| $\underline{5}49$ में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| $\underline{7}58$ में ...... का स्थानीय मान = ....... |

## Section-B

प्र. 2.

32 + 28 = ☐

44 + 37 = ☐

$$\begin{array}{r} 3\ \ 7 \\ +\ \square\ \ 8 \\ \hline 5\ \ 5 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} \square \\ -25 \\ \hline 18 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} \square \\ -13 \\ \hline 27 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 3\ \ 4 \\ +\ 1\ \ \square \\ \hline 5\ \ 2 \\ \hline \end{array}$$

## Section-C

प्र. 3. एक गाँव में 23 पुरुष, 19 महिलाएँ और 17 बच्चे हैं। बताएँ, उस गाँव की जनसंख्या कितनी है?

प्र. 4. दस वर्ष पूर्व एक छोटे से गाँव की जनसंख्या 56 थी। अब उस गाँव की जनसंख्या 86 हो गई है तो बताएँ कि दस वर्षों में गाँव की कुल जनसंख्या कितनी बढ़ी?

## Section-D

प्र. 5. नीचे दी गई आकृतियों का उनके नाम से मिलान करें।



आयत

वृत्त

त्रिभुज

चतुर्भुज

वर्ग

# आज के सवाल

Day-13

**37** L-2

मेरे पास जितने रुपये हैं, उससे 348 रुपये अधिक रबीना के पास हैं। यदि मेरे पास 560 रुपये हैं तो बताएँ रबीना के पास कितने रुपये हैं?

**38** L-2

एक दुकानदार ने 525 रुपये में एक पंखा ख़रीदा और 575 रुपये में बेच दिया। बताएँ, दुकानदार को कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**39** L-2

अमन के पिताजी प्रतिदिन 475 रुपये कमाते हैं। बताएँ, उसके पिताजी 45 दिनों में कितने रुपये कमाएँगे?

**40** L-2

एक हॉल में कुल 225 व्यक्ति हैं। यदि एक पंक्ति में 25 व्यक्ति बैठे हैं तो हॉल में कुल कितनी पंक्तियाँ होंगी?

**41** L-2

दी गई आकृतियों के गणितीय नाम लिखें।



**42** L-2

आप एक नदी के पास हैं। आपके पास 5 लीटर और 3 लीटर माप के डिब्बे हैं। आप एक लीटर पानी कैसे माप सकते हैं?



# देखें और सोचें

Day-14

## संख्या भरें और प्रश्नों के उत्तर बताएँ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | | | 96 | | | | | 91 |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | 73 | | |
| 70 | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | 46 | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | | 1 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- 1 से 20 तक की गिनती में संख्या 18 से 5 पहले कौन – सी संख्या आती है?
- 1 से 100 तक की गिनती में संख्या 33 के 15 बाद कौन – सी संख्या आती है?
- 100 से 1 तक की गिनती में 25वीं संख्या कौन–सी है?
- किन चार संख्याओं को जोड़ें तो 100 हो जाएगा?

  उत्तर :
- एक संख्या में 60 का आधा जोड़ने पर 45 प्राप्त होता है। वह संख्या कौन–सी है?

# आज के सवाल

Day-15

**43** L-2

ऊना से दिल्ली तक एक सवारी का बस किराया 687 रुपये है। बताएँ, 13 सवारियों का कुल किराया कितना होगा?

**44** L-2

दो संख्याओं का गुणनफल 276 है। इसमें से एक संख्या 12 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

**45** L-2

एक दुकानदार को एक कमीज़ को 725 रुपये में बेचने पर 118 रुपये का नुकसान होता है। बताएँ, दुकानदार ने कमीज़ कितने रुपये में ख़रीदी थी?

**46** L-2

लोकेश के पास राहुल से 517 रुपये कम हैं। यदि राहुल के पास 914 रुपये हैं तो लोकेश के पास कितने रुपये हैं?

**47** L-2

दी गई आकृतियों के गणितीय नाम लिखें।



**48** L-2

100 रुपये के खुल्ले करें। उसमें 10 रुपये का नोट ना हो और नोट सिर्फ़ 10 होने चाहिए। कैसे करेंगे? बताएँ।



# देखें और सोचें

Day-16

1. 

2. 

3. 

4. 

5. 

6. 

7. 

8. 

## सोचें और बताएँ

उत्तर

आकृति के साथ लिखे नंबर प्रश्न के उत्तर के स्थान पर लिखें।

- जन्मदिन पर आईसक्रीम खाने में मेरा प्रयोग होता है। [ ]
- इस आकृति के आमने–सामने वाली भुजाएँ बराबर होती हैं। पर कोण 90° का नहीं होता। [ ]
- मैं तीन भुजाओं से घिरी हुई आकृति हूँ तथा तीनों कोणों का योग 180° है। [ ]
- जब भी इस आकृति की बात होती है, उसकी ऊँचाई का जिक्र, लंबाई एवं चौड़ाई के साथ ज़रूर होता है। [ ]
- मेरे जैसी दिखने वाली आकृति को बेलनाकार आकृति कहते हैं। [ ]
- मैं चतुर्भुज का प्रकार हूँ, मेरे आमने–सामने की भुजाएँ बराबर होती हैं, लेकिन सभी भुजाएँ बराबर नहीं होती तथा सभी कोण 90° के होते हैं। [ ]
- मेरी कोई लम्बाई–चौड़ाई नहीं होती फिर भी मेरा, क्षेत्रफल होता है। [ ]

## आज के सवाल

Day-17

**49** L-2

एक बाग़ में सेब के पेड़ की संख्या आम के पेड़ की संख्या से 120 कम है। यदि आम के पेड़ की संख्या 385 हो तो बताएँ सेब के पेड़ की संख्या कितनी है?

**50** L-2

एक बच्चा गणित में 349 अंक प्राप्त करता है जो कि प्रथम आने वाले बच्चे के अंकों से 38 कम है। बताएँ, प्रथम आने वाले बच्चे ने कितने अंक प्राप्त किए?

**51** L-2

एक टंकी में कुल 500 लीटर पानी आता है। इस टंकी को 10 लीटर वाली एक बाल्टी से भरा जाना है। बताएँ, उस टंकी को भरने में कितनी बार बाल्टी भरकर डालनी होगी?

**52** L-2

एक माला में 108 मोती हैं तो बताएँ ऐसी ही 27 मालाओं में कुल कितने मोती होंगे?

**53** L-2

दी गई आकृतियों के गणितीय नाम लिखें।



**54** L-2

यदि 10 मीटर की एक रस्सी को एक बार काटने पर दो टुकड़े मिलते हैं तो बताएँ कि ऐसे ही 10 टुकड़े करने के लिए रस्सी को कितनी बार काटना पड़ेगा?

# Worksheet-3

Day-18

## Section-A

**प्र. 1.** संख्या में चिन्हित अंक तथा उसका स्थानीय मान लिखें।

| |
|---|
| 43 में 3 का स्थानीय मान = ....... |
| 76 में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| 123 में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| 234 में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| 549 में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| 758 में ...... का स्थानीय मान = ....... |
| 359 में ...... का स्थानीय मान = ....... |

## Section-B

**प्र. 2.** चिह्नों को समझते हुए हल करें।

$$\begin{array}{r} 4\ 8\ 5 \\ +\ 4\ 7\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 3\ 5\ 6 \\ +\ 5\ 8\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 6\ 2\ 3 \\ -\ 3\ 2\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 9\ 0\ 0 \\ -\ 4\ 3\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

## Section-C

**प्र. 3.** किसी स्कूल के 72 बच्चे पिकनिक पर जा रहे हैं। यदि एक टैक्सी में 6 बच्चे बैठेंगे तो पिकनिक पर जाने के लिए ऐसी कितनी टैक्सियों की ज़रूरत पड़ेगी?

**प्र. 4.** बाल दिवस के दिन किसी स्कूल में 68 बच्चों को चार–चार टॉफियाँ बाँटी गईं। बताएँ, उस दिन उस स्कूल में कुल कितनी टॉफियाँ बाँटी गईं?

## Section-D

**प्र. 5.** सत्य कथन के सामने सही लिखें तथा असत्य कथन के सामने गलत लिखें।

चतुर्भुज में पाँच भुजाएँ होती हैं। ☐

आयत में आमने–सामने की भुजाएँ बराबर होती हैं। ☐

सभी वर्ग एक आयत भी है। ☐

सभी आयत एक वर्ग भी है। ☐

कोई भी चर्तुभुज आयत नहीं हो सकता। ☐

# आज के सवाल

**55** L-2

3 पंखे ख़रीदने के लिए 1650 रुपये देने होते हैं। बताएँ, एक पंखे को ख़रीदने के लिए कितने रुपये देने होंगे?

**56** L-2

एक कमीज़ का मूल्य 465 रुपये है। यदि अपने चारों भाईयों के लिए कमीज़ ख़रीदनी हो तो मुझे कितने रुपये की ज़रूरत पड़ेगी?

**57** L-2

पानी की एक टंकी में 250 लीटर पानी आता है। अगर उसमें 127 लीटर पानी पहले से है तो बताएँ कि उसमें और कितना पानी आएगा?

**58** L-2

एक ड्रम में से 265 लीटर तेल निकाल लेने के बाद उस ड्रम में अभी भी 315 लीटर तेल बचा हुआ है। बताएँ, ड्रम में पहले से कितना लीटर तेल था?

**59** L-2

दी गई आकृतियों से सम्बंधित दिए गए पदों के बारे में लिखें।



शीर्ष बिन्दुओं की संख्या =
भुजाओं की संख्या =
कोणों की संख्या =



शीर्ष बिन्दुओं की संख्या =
भुजाओं की संख्या =
कोणों की संख्या =

**60** L-2

एक हवाई जहाज़ स्थान 'ए' से 'बी' जाने के लिए 1 घंटा 20 मिनट का समय लेता है। जबकि वापस आने के लिए 80 मिनट का समय लेता है। इस विषय में आप क्या तर्क देना चाहेंगे?



Day-20

# देखें और सोचें

## कैलेण्डर का मज़ा

मई 2016

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

जून 2016

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

## सोचें और बताएँ

- कैलेण्डर का उपयोग करते हुए ठीक पहले और बाद की तिथि का पता करें।
- 7 मई के ठीक 3 दिन पहले ..........................
- 27 मई के ठीक 5 दिन बाद ......................
- 22 मई के ठीक 1 सप्ताह पहले ......................
- 21 मई के ठीक 2 सप्ताह बाद ......................
- 6 जून के ठीक 2 सप्ताह पहले ......................
- 23 जून के ठीक 4 सप्ताह पहले ......................
- 15 मई से 6 दिनों के लिए एक समर कैंप शुरू होना था। किसी कारणवश यह समर कैंप 1 सप्ताह देरी से शुरू हुआ। बताएँ, कैंप कौन–सी तिथि को शुरू हुआ और किस तिथि को समाप्त हुआ?
- पवन ने 5 मई को स्कूल के पुस्तकालय से कहानी की एक किताब ली। पुस्तकालय अधीक्षक ने उसे किताब लौटाने के लिए 1 महीने का समय दिया। बताएँ, अधिकतम किस तिथि तक उसे किताब लौटानी पड़ेगी?
- आज 8 मई है। रोहित का जन्मदिन 27 जून को है। बताएँ, आज से रोहित के जन्मदिन आने में कितने दिन बाक़ी हैं?

# आज के सवाल

Day-21

**61** L-2

राहुल के पास मनीष से 245 रुपये अधिक हैं। यदि राहुल के पास 703 रुपये हैं तो मनीष के पास कितने रुपये हैं?

**62** L-2

एक आम विक्रेता के पास 848 किलोग्राम आम हैं। वह प्रत्येक पेटी में 8 किलोग्राम आम रखना चाहता है। बताएँ, सभी आमों को रखने के लिए उसे ऐसे ही कितनी पेटी की आवश्यकता होगी?

**63** L-2

दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या और तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या का जोड़ कितना होगा?

**64** L-2

करीम संतरे की आठ पेटियाँ बाज़ार में बेचने गया। अगर एक पेटी 975 रुपये में बिकती है तो करीम को सभी पेटियों के कितने रुपये मिलेंगे?

**65** L-2

हमारी कॉपी का हर एक पेज किस आकार का होता है?

**66** L-2

40 मीटर लम्बी एक सड़क के दोनों किनारों पर हर 10 मीटर की दूरी पर पौधे लगाने हैं। बताएँ, कुल कितने पौधों की ज़रूरत होगी?



# देखें और सोचें

Day-22

अपने आस–पास की वस्तुओं को मापें। उदाहरण के लिए कुछ वस्तुओं के नाम दिए गए हैं।

## ऊँचाई मापें



खिड़की



साइकिल



दरवाज़ा



बच्चे की लम्बाई

## लम्बाई मापें



चारपाई



चप्पल



पेंसिल



पैंट

## गोलाई मापें



पतीला



बाल्टी



थाली



तवा

## अनुमान से लिखें।

- आपके घर से स्कूल की दूरी कितनी है? उत्तर–
- आपके दरवाज़े से जो पेड़ सबसे नज़दीक है, उसकी दूरी कितनी है? उत्तर–
- आपकी कक्षा से स्कूल के गेट की दूरी कितनी है? उत्तर–
- किसी एक कक्षा की लम्बाई और चौड़ाई लिखें? उत्तर–
- आपके घर से स्कूल कितने क़दम पर है? उत्तर–

**नोट : इसी प्रकार अपने आस–पास की अन्य वस्तुओं के बारे में पहले अनुमान लगाएँ और फिर माप कर देखें कि आपका अनुमान कितना ज़्यादा पक्का है।**

# आज के सवाल

**67** L-2

बग़ीचे में 7 पंक्तियों में पौधे लगाए गए हैं। प्रत्येक पंक्ति में समान पौधे लगे हैं। अगर एक पंक्ति में 128 पौधे हैं तो बताएँ, उस बग़ीचे में कितने पौधे लगे हैं?

**68** L-2

हम जानते हैं कि एक सप्ताह में 7 दिन होते हैं। बताएँ, 252 दिन में कितने सप्ताह होंगे?

**69** L-2

बोस ने बुधवार को पेट्रोल के लिए 450 रुपये खर्च़ किए। फिर उसने गुरुवार को उससे 125 रुपये अधिक खर्च़ किए। उन दो दिनों में उसने पेट्रोल पर कितने रुपये ख़र्च किए?

**70** L-2

एक बोतल और एक डिब्बे का मूल्य 763 रुपये है। यदि बोतल का मूल्य 370 रुपये हों तो डिब्बे का मूल्य क्या होगा?

**71** L-2

पूरा चाँद किस आकार में दिखता है?

**72** L-2

मैंने 20 को काट दिया। फिर भी न कानून तोड़ा ना खून किया। ऐसा मैंने क्या किया? (प्रश्न में ही उत्तर दिया है।)

# Worksheet-4

Day-24

## Section-A

प्र. 1. नीचे दी गई प्रत्येक संख्या के ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या लिखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | 319 | ☐ | ☐ | 608 | ☐ |
| ☐ | 600 | ☐ | ☐ | 504 | ☐ |
| ☐ | 508 | ☐ | ☐ | 300 | ☐ |
| ☐ | 800 | ☐ | ☐ | 350 | ☐ |
| ☐ | 666 | ☐ | ☐ | 780 | ☐ |

## Section-B

प्र. 2. चिह्नों को समझते हुए हल करें।

$$\begin{array}{r} \Box \\ +\ 5\ 6\ 7 \\ \hline 9\ 9\ 9 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 8\ 5\ 6 \\ -\ \Box \\ \hline 3\ 5\ 9 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 8\ \Box\ 7 \\ -\ \Box\ 2\ 3 \\ \hline 2\ 8\ 4 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 7\ 5\ 6 \\ -\ \Box \\ \hline 2\ 4\ 8 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2\ \Box\ 5 \\ +\ \Box\ 1\ \Box \\ \hline 8\ 0\ 0 \\ \hline \end{array}$$

## Section-C

प्र. 3. एक रेडियो और एक घड़ी का मूल्य 1000 रुपये है। यदि रेडियो का मूल्य 399 रुपये है तो घड़ी का मूल्य क्या होगा?

प्र. 4. एक रेलगाड़ी में 2340 लोग बैठे थे। अगले स्टेशन पर 260 लोग और चढ़ गए। बताएँ, रेलगाड़ी में अभी कितने लोग हैं?

## Section-D

प्र. 5. ऐसी छः वस्तुओं के नाम लिखें जिनका वज़न 10 किलो ग्राम से ज़्यादा तथा 20 किलोग्राम से कम हो।

प्र. 6. ऐसी पाँच वस्तुओं के नाम लिखें जिनका वज़न 100 किलोग्राम से ज़्यादा है।

# आज के सवाल



**73** L-3

यदि मनाली किसी वस्तु को 9,870 रुपये में ख़रीद कर 7,880 रुपये में बेच देती है तो बताएँ कि मनाली को कितने रुपये का नुकसान होगा? यह भी बताएँ कि कितने रुपये पर बेचने पर मनाली को फ़ायदा होगा?

**74** L-3

मोहन ने एक गाड़ी 7,000 रुपये में ख़रीदी तथा 800 रुपये मरम्मत पर खर्च किए। कुछ दिनों बाद उसने उस गाड़ी को 9000 रुपये में बेच दी। बताएँ, उसे कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**75** L-3

एक कारख़ाने में एक दिन में 4675 मीटर कपड़ा बनता है। बताएँ, जनवरी माह में उस कारख़ाने में कितना मीटर कपड़ा बनेगा?

**76** L-3

7128 को किसी संख्या से भाग देने पर भागफल 264 मिलता है। बताएँ, वह संख्या क्या होगी?

**77** L-3

दी गई आकृतियों से सम्बंधित दिए गए पदों के बारे में लिखें।



शीर्ष बिन्दुओं की संख्या =
भुजाओं की संख्या =
कोणों की संख्या =



शीर्ष बिन्दुओं की संख्या =
भुजाओं की संख्या =
कोणों की संख्या =

**78** L-3

1 रुपये की 40 मछली, 3 रुपये का 1 बंदर, 5 रुपये का 1 शेर तो 100 रुपये में आप 100 खिलौने कैसे ख़रीदेंगे?



# देखें और सोचें



## संख्या और नाम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1<br>A | 2<br>B | 3<br>C | 4<br>D | 5<br>E |
| 6<br>F | 7<br>G | 8<br>H | 9<br>I | 10<br>J |
| 11<br>K | 12<br>L | 13<br>M | 14<br>N | 15<br>O |
| 16<br>P | 17<br>Q | 18<br>R | 19<br>S | 20<br>T |
| 21<br>U | 22<br>V | 23<br>W | 24<br>X | 25<br>Y |
| | | 26<br>Z | | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- संख्या 20 के स्थान पर कौन–सा अक्षर है?
- सभी संख्याओं का योगफल कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल का विस्तारित रूप कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल में 3 से भाग देने पर भागफल कितना होगा?
- अपने नाम के अक्षरों का योगफल पता करें?
- किन–किन अक्षरों को मिलाने से संख्या 100 बनाई जा सकती है?

# आज के सवाल

Day-27

**79** L-3

एक गाँव में 3,786 पुरुष, 3,672 महिला और 1,508 बच्चे हैं। बताएँ, उस गाँव की कुल जनसंख्या कितनी होगी?

**80** L-3

दो संख्याओं का योग 9,450 है। एक संख्या 6,983 है तो दूसरी संख्या क्या है?

**81** L-3

एक आदमी का मासिक वेतन 8,945 रुपये है। वेतन से उसकी वार्षिक आय क्या है?

**82** L-3

यदि 9,225 किलोग्राम गेहूँ को 45 किलोग्राम वाली बोरी में पैक करना हो तो कितनी बोरी की ज़रूरत होगी?

**83** L-3

बेलनाकार आकृतियों के नाम लिखें।

**84** L-3

नौ सिक्कों को तीन कतारों में ऐसे सजाएँ कि हर कतार में चार–चार सिक्के रखे दिखाई दें।



# देखें और सोचें

Day-28

दिए गए चार्ट में एक विद्यालय की चौथी कक्षा में 5 बच्चों के पास अलग–अलग लम्बाई की पेंसिल है।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- इस चार्ट में सबसे अधिक लम्बी पेंसिल की माप कितनी है?
- सबसे कम लम्बाई की पेंसिल की माप कितना है?
- यदि प्रत्येक पेंसिल की लम्बाई 12 सेंटीमीटर है तो सबसे कम लम्बी पेंसिल को कितनी सेंटीमीटर इस्तेमाल की गई है?
- सबसे अधिक लम्बी और सबसे कम लम्बी पेंसिल की लम्बाई का अंतर कितना है?
- सभी 5 पेंसिलों को आपस में जोड़ देने से पेंसिल की लम्बाई कितनी होगी?

# आज के सवाल

**85** L-3

दो संख्याओं का गुणनफल 7,550 है। यदि एक संख्या 25 है तो दूसरी संख्या क्या है?

**86** L-3

एक कैंडी फैक्ट्री में 25 मज़दूर हैं जो प्रत्येक दिन 1208 बक्से कैंडी बनाते हैं। प्रति वर्ष फैक्ट्री में 340 दिन कैंडी बनता है। बताएँ, कैंडी के कितने बक्से उस फैक्ट्री में हर साल बनते हैं?

**87** L-3

एक परीक्षा में 7,523 छात्र पास हुए और 1,489 छात्र फेल हुए। बताएँ, कितने छात्र परीक्षा में बैठे?

**88** L-3

एक टैंक में 1,000 लीटर पानी भरा जा सकता है। कालू ने उसमें 532 लीटर पानी भर दिया। बताएँ, अब उस टैंक में कितने लीटर पानी और भरा जा सकता है?

**89** L-3

हाथों में पहने जाने वाले एक ही तरह के 20 कंगन को एक–दूसरे के ऊपर रखने से किस तरह की आकृति बनेगी।

**90** L-3

एक डिब्बे में छह सेब, बाँटो ऐसे छह बच्चों में एक सेब बच भी जाए उस सेब के डिब्बे में। बिन काटे हम बाँटें कैसे, साबुत सब पा जाएँ जैसे।

# Worksheet-5

Day-30

## Section-A

प्र. 1. ख़ाली जगह में संख्याओं को बढ़ते क्रम (आरोही क्रम) में लिखें।

455, 645, 364, 741, 465, 648

.................................................................

7080, 5486, 4585, 889, 754, 638

.................................................................

568, 732, 576, 649, 543, 896

.................................................................

643, 562, 619, 970, 695, 756

.................................................................

## Section-B

प्र. 2. चिह्नों को समझते हुए हल करें।

$$\begin{array}{r} 763 \\ \times\quad 9 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 681 \\ \times\quad 5 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

6) 725 (

7) 709 (

## Section-C

प्र. 3. एक डायरी की क़ीमत 155 रुपये है तो ऐसी ही 8 डायरियों की क़ीमत कितनी होगी?

प्र. 4. 6 मेज़ की क़ीमत 840 रुपये है तो एक मेज़ की क़ीमत कितनी होगी?

## Section-D

प्र. 5. घर के आस–पास की चीज़ों की माप का अंदाज़ा लगाकर लिखें।

| | अनुमान से |
|---|---|
| ● दो बोतल में कितने लीटर तेल आएगा? | |
| ● एक मग में कितने लीटर पानी आएगा? | |
| ● एक बाल्टी में कितने लीटर पानी आएगा? | |
| ● प्लास्टिक की एक बाल्टी का वज़न कितना होगा? | |
| ● एक कप में कितने मिलिलीटर चाय होगी? | |

Day-31

# आज के सवाल

**91** L-3

एक स्कूल की लाईब्रेरी में हिन्दी की 3,730 किताबें, अंग्रेज़ी की 2,531 किताबें और अन्य भाषाओं की 5,368 किताबें हैं। बताएँ, इस स्कूल की लाइब्रेरी में कितनी किताबें हैं?

**92** L-3

25 वॉशिंग मशीनों की लागत क्या होगी, अगर प्रत्येक की लागत 7,530 रुपये हैं?

**93** L-3

एक मिठाई की दुकान में 2586 लड्डू थे। दुकानदार ने 1329 लड्डू बेच दिए। बताएँ, अब उसके पास कितने लड्डू बचे हैं?

**94** L-3

एक हवाई जहाज़ एक बार में अधिक से अधिक 160 यात्रियों को यात्रा करा सकती है। बताएँ, वह हवाई जाहज़ कम से कम कितनी बार में 1,920 यात्रियों को यात्रा करा पाएगी?

**95** L-3

एक माचिस के डिब्बे में लगभग कितनी तीलियाँ होती हैं?

**96** L-3

एक खेत तीन मीटर चौड़ा और लम्बा है। उसके बाहर हर मीटर पर पेड़ लगाने हैं। बताएँ कितने पेड़ लगेंगे?



# देखें और सोचें



चित्रों को ध्यान से देखें, सोचें–समझें व अपने समूह में चर्चा कर के हल करें।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- प्रीति ने 2 किलो आम और 1 किलो सेब ख़रीदा। बताएँ, उसने कितने रुपये ख़र्च किए?
- चित्र में पपीता की क़ीमत, अमरूद की क़ीमत से कितनी अधिक है?
- शालू ने 400 ग्राम अंगूर कितने रुपये में ख़रीदी?
- कशिश 1 किलो 600 ग्राम सेब ख़रीदने के लिए दुकानदार को कितने रुपये देगी?
- एक व्यापारी लीची और अंगूर की पेटी भरी ट्रक शहर से गाँव के बाज़ार तक मँगाता है। ट्रक के डीजल पर 1200 रुपये, फल को उतारने में मज़दूरी 1000 रुपये और 5000 रुपये ट्रक के भाड़े में ख़र्च करता है। बताएँ, व्यापारी ने फल मँगाने में कितना रुपया ख़र्च किया?
- दिए गए फलों की मूल्य–सूची से अपने समूह में अधिक से अधिक शाब्दिक सवाल बनाएँ।

# आज के सवाल

Day-33

**97** L-3

एक शहर में कुल 6,745 घर हैं। यदि उस शहर में 2,398 पक्के घर हैं तो उस शहर में कितने घर पक्के नहीं हैं?

**98** L-3

एक रेलगाड़ी में 2340 लोग बैठे थे। अगले स्टेशन पर 1260 लोग और चढ़ गए। बताएँ, उस रेलगाड़ी में अब कितने लोग हैं?

**99** L-3

2 साइकिलों का मूल्य 8,156 रुपये हैं। बताएँ, एक साइकिल का मूल्य क्या होगा?

**100** L-3

रमेश के पास 50 रुपये के 1,240 नोट हैं। बताएँ, उसके पास कुल कितने रुपये हैं?

**101** L-3

आपके स्कूल में लगभग कितनी सीढ़ियाँ होंगी?

**102** L-3

एक जादू का ताल जिसमें हर दिन पहले से दूने फूल हो जाते हैं। अगर बारह दिन में ताल पूरा भरता है तो बताएँ कितने दिन में उसमें चौथाई फूल भर पाएँगे?



# देखें और सोचें






## सोचें और बताएँ

उत्तर

- शबाना के घर से विद्यालय कितने मीटर दूर है?
- बाज़ार से विद्यालय तक की दूरी कितने मीटर है?
- मैं विद्यालय से शबाना के घर गई। फिर मैं बाज़ार गई और विद्यालय की तरफ़ से शबाना के घर वापस आई। मैंने कुल कितने मीटर तक की दूरी तय की?
- शबाना के घर से बग़ीचा कितने मीटर दूर है?

# आज के सवाल

**103** L-3

2,436 किताबें छात्रों के बीच वितरित किया जाता है। प्रत्येक छात्र को 6 किताबें मिलती हैं। बताएँ, कितने छात्रों के बीच किताबें वितरित की गई?

**104** L-3

एक भंडार में गेहूँ और चावल के कुल 5,000 बैग हैं। गेंहूँ के बैग संख्या 2,639 के रूप में गिने जाते हैं। चावल के बैगों की संख्या कितनी है?

**105** L-3

एक पुस्तक विक्रेता जुलाई के महीने में 635 पुस्तकें प्रति दिन बेचता है। बताएँ, जुलाई के पूरे महीने में उसने कितनी पुस्तकें बेंची?

**106** L-3

मोहन ने एक साइकिल 1,315 रुपये के घाटे से बेच दी। यादि मोहन ने साइकिल 1,985 की बेची हो तो बताएँ, मोहन ने वह साइकिल कितने रुपये में ख़रीदी थी?

**107** L-3

आपके मोहल्ले की जनसंख्या लगभग कितनी होगी?

**108** L-3

1 राजा की 7 रानियाँ गईं दिल्ली। हर रानी की 7 लड़कियाँ लिए हुई थीं बिल्ली, हर लड़की की 7 बिल्लियाँ, हर बिल्ली के बच्चे 7, बताएँ कितने जन गए दिल्ली?

# Worksheet-6

Day-36

## Section-A

**प्र0 1.** संख्याओं के क्रम को समझते हुए ख़ाली स्थान में अगली संख्या लिखें।

- 5, 25, 125, 625, ..................
- 8, 19, 41, 85, ..................
- 17, 17, 34, 102, ..................
- 568, 579, 601, 634, ..................
- 858, 848, 828, 788, ..................
- 1123, 1128, 1138, 1158, ..................

## Section-B

**प्र0 2.** चिह्नों को समझते हुए हल करें।

$17\overline{)289}$ $\quad$ $18\overline{)486}$ $\quad$ $12\overline{)204}$

$$\begin{array}{r} 503 \\ \times\ 19 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 440 \\ \times\ 38 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 637 \\ \times\ 20 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

## Section-C

**प्र. 3.** एक कलम की क़ीमत 15 रुपये है। बताएँ, 675 रुपये में ऐसी कितनी कलम ख़रीदी जा सकती है?

**प्र. 4.** एक किताब की क़ीमत 28 रुपये हैं। बताएँ, ऐसी ही 325 किताबों की क़ीमत कितनी होगी?

## Section-D

**प्र. 5.** ख़ाली बक्सों में सही संख्या लिखें।

- 1 किलोलीटर = ☐ लीटर
- 1,000 मिलिलीटर = ☐ लीटर
- 5 घण्टा = ☐ मिनट
- 360 सेकण्ड = ☐ मिनट
- 5,000 ग्राम = ☐ किलोग्राम

# आज के सवाल

Day-37

**109** L-4

राहुल ने अशोक से 24,175 रुपये क़र्ज लिए। 6 महीने बाद उसने अशोक को 25,306 रुपये लौटाया। बताएँ, उसे कितने रुपये ब्याज देने पड़े?

**110** L-4

एक सब्ज़ी मंडी में 15 दिनों में कुल 75,090 किलोग्राम आलू बिके। बताएँ, प्रत्येक दिन उस सब्ज़ी मंडी में औसतन कितने किलोग्राम आलू बिके?

**111** L-4

18,375 रुपये क़ीमत वाली एक टेलिविज़न को कितने रुपये में बेचा जाए कि उस पर 1,625 रुपये का फ़ायदा हो?

**112** L-4

रमेश ने अमर से 28,965 रुपये कर्ज लिए। एक साल बाद उसने अमर को ब्याज के साथ रुपये लौटा दिए। रमेश ने ब्याज के रूप में कुल 3,675 रुपये दिए। बताएँ, अमर को मूलधन और ब्याज को मिलाकर कितना मिश्रधन मिला?

**113** L-4

10,000 लीटर की क्षमता वाले 125 टैंक में कुल कितने लीटर पानी जमा किए जा सकते हैं?

**114** L-4

कुछ महीने ऐसे हैं जिनमें 31 दिन होते हैं और कुछ में 30 दिन। बताएँ, ऐसा कौन–सा महीना है जिसमें कुल 28 या 29 दिन होते हैं?



# देखें और सोचें

Day-38

## दिए गए ग्रिड को पूरा करें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 90 | − | | = | 15 |
| + | | − | | + |
| | + | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = |
| 100 | − | 60 | = | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- पहली लाइन में दी गई संख्या 15 के अंकों को परस्पर बदल दी जाए तो नई संख्या क्या होगी?
- पहले कॉलम की पहली संख्या के अंकों को परस्पर बदलने पर नई संख्या क्या होगी?
- तीसरी लाइन में ग़ायब नंबर से अगली 5 संख्या बताएँ।
- पाँचवीं कॉलम की ग़ायब संख्या सम है या विषम?
- ग्रिड को पूरा करने के बाद ग्रिड में आई संख्याओं में से कौन–सी संख्या 2, 3, 4 और 5 सभी से पूरा–पूरा विभाजित हो जाती है?

# आज के सवाल

Day-39

**115** L-4

सन 2009 में स्कॉलरशिप परीक्षा में 26,249 लड़कियाँ और 42,477 लड़के थे। बताएँ, स्कॉलरशिप में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से कितनी अधिक थी?

**116** L-4

एक स्कूल में 12,934 बेंच हैं और दूसरे स्कूल में 14,444 बेंच बताएँ, दोनों स्कूल को मिलाकर कितनी बेंच हैं?

**117** L-4

मोहसीन का मासिक वेतन 18,340 रुपये है। बताएँ, उसका वार्षिक वेतन कितना होगा?

**118** L-4

62 कमीज़ की क़ीमत 34,100 रुपये है। यदि सभी कमीज़ों की क़ीमत बराबर हो तो बताएँ कि एक कमीज़ की क़ीमत क्या होगी?

**119** L-4

आपके स्कूल में लगभग कितने विद्यार्थी होंगे?

**120** L-4

रामनाथ की चार लड़कियाँ हैं। प्रत्येक लड़की का एक भाई है। बताएँ, रामनाथ के कितने बच्चे हैं?



# देखें और सोचें

Day-40

## चार दोस्तों के केक



कोमल



मोहन



इरफ़ान



नंदिता

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- नंदिता ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- मोहन ने कोमल की तुलना में केक का कितना हिस्सा कम खाया?
- इरफ़ान ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- इरफ़ान ने किसके बराबर और केक का कितना हिस्सा खाया?
  अंतर :
- यदि मोहन नंदिता के केक से $\frac{2}{8}$ हिस्सा खा ले तो नंदिता के पास बचा हिस्सा कितना होगा?

# आज के सवाल



**121** L-4

रहीम ने एक सोफा 12,345 रुपये का ख़रीदा और उसे 13,789 रुपये में बेच दिया। बताएँ, रहीम को कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**122** L-4

एक टीवी की क़ीमत 8,850 है। बताएँ, ऐसे ही 12 टीवी की क़ीमत क्या होगी?

**123** L-4

मिताली ने 23,500 रुपये का फ्रिज और 13,990 की टीवी ख़रीदी। बताएँ, मिताली ने कितने रुपये की ख़रीदारी की?

**124** L-4

एक होटल में 32 विद्यार्थी खाना खाने जाते हैं। खाना खाने में उनका ख़र्चा 36,900 रुपये आता है। यदि सबका ख़र्चा समान हो तो बताएँ कि एक विद्यार्थी का ख़र्चा कितना होगा?

**125** L-4

आपकी कक्षा को बनाने में कितनी ईंटों का इस्तेमाल हुआ होगा?

**126** L-4

तीन कड़ियों वाली ज़ंजीर के 5 टुकड़ों के कम से कम कितनी कड़ियों को खोलकर सभी को एक साथ जोड़ा जा सकता है?

# Worksheet-7

Day-42

## Section-A

प्र. 1. पैटर्न को समझ कर ख़ाली स्थान भरें।




प्र. 2. अंक 3, 8, 6, 5 से तीन अंकों से बनने वाली सभी संख्याएँ लिखें।

## Section-B

प्र0 2. चिह्नों को समझते हुए ख़ाली बॉक्स को भरें।

765 - 425 =

552 + 225 =

525 x 62 =

0 ÷ 25 =

625 ÷ 25 =

## Section-C

प्र. 3. सुरेश के पास 525 रुपये हैं। उसके दोगुने से 75 रुपये कम ममता के पास हैं। बताएँ, ममता के पास कितने रुपये हैं?

प्र. 4. सुन्दर ने एक दुकान से 3 शर्ट खरीदी। एक शर्ट की क़ीमत 525 रुपये है। उसे प्रत्येक शर्ट पर 25 रुपये की छूट मिली। बताएँ, सुन्दर ने दुकानदार को कितने रुपये दिए?

## Section-D

प्र. 5. दिए गए भिन्न को प्रदर्शित करने हेतु छायांकित करें।



$\frac{2}{3}$



$\frac{3}{4}$



$\frac{1}{3}$



$\frac{3}{5}$



$\frac{2}{6}$

# आज के सवाल

Day-43

**127** L-4

ग्राम पंचायत के चुनाव के लिए रघुवीर को 25,698 वोट मिले और इरफ़ान को 28,934 वोट मिले। बताएँ, किसे और कितने अधिक वोट मिले?

**128** L-4

एक छोटी कंपनी में 12 कर्मचारी काम करते हैं। एक कर्मचारी का मासिक वेतन 21,030 रुपये है। यदि सभी कर्मचारियों का मासिक वेतन बराबर हो तो बताएँ कि कंपनी को हर महीने कितने रुपये कर्मचारियों के वेतन के लिए जुटाने होते हैं?

**129** L-4

अमर के खाते में 40,000 रुपये थे। उसने कुछ दिन बाद खाते में 25,000 रुपये और डाल दिए। बताएँ, अब उसके खाते में कितने रुपये हो गए?

**130** L-4

40 इन्वर्टर बैटरी की क़ीमत 65,550 है। यदि मुझे एक इन्वर्टर बैटरी ख़रीदनी हो तो इसके लिए कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**131** L-4

आपके घर में रोज़ पीने के लिए लगभग कितने लीटर पानी का इस्तेमाल होता है?

**132** L-4

मोनिका अपने पिछले जन्मदिन पर 10 साल की थी। मोनिका अगले साल 12 साल की हो जाएगी। यह कैसे संभव है?



# देखें और सोचें

Day-44

## अंकों का जोड़

**1–9 तक किन्हीं 6 अंकों का उपयोग इस तरह करें कि हर तरफ़ से योगफल बराबर हो।**




**चित्र–1 योगफल = 9**



**चित्र–2 योगफल = 10**



**चित्र–3 योगफल = 11**



**चित्र–4 योगफल = 12**

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- अंक 3, 1, 5 से बनने वाली तीन अंकों की संख्या लिखें। ☐
- अंक 4, 6, 2 से बनने वाली संख्या में सबसे छोटी और बड़ी संख्या लिखें। ☐
- एक संख्या 999 से 654 कम है, वह संख्या लिखें। ☐
- एक संख्या है जिसमें, 9, 10, 11 और 12 से भाग देने पर संख्या पूर्णरूप से विभाजित हो जाती है। वह संख्या क्या है? लिखें। ☐
- संख्या 123 का विस्तारित रूप लिखें।

# आज के सवाल

Day-45

### 133 — L-5

एक शहर में महिलाओं और पुरुषों की कुल जनसंख्या 2,66,418 है। यदि उसमें महिलाओं की संख्या 1,31,208 है तो बताएँ कि उस शहर में पुरुषों की संख्या कितनी है?

### 134 — L-5

सलीम का वार्षिक वेतन 4,89,340 रुपये है। बताएँ, उसका मासिक वेतन क्या होगा?

### 135 — L-5

एक ख़ाली प्लॉट की क़ीमत 8,79,500 है। बताएँ, ऐसे ही 12 प्लॉट की क़ीमत कितनी होगी?

### 136 — L-5

कमल ने एक मोटर साइकिल और एक कार ख़रीदी। दोनों की क़ीमत क्रमशः 85,000 रुपये और 3,20,000 रुपये है। बताएँ, कमल ने कितने रुपये ख़र्च किए?

### 137 — L-5

घर से स्कूल और स्कूल से घर का रास्ता तय करने में आप लगभग कितने किलोमीटर य मीटर तय करते हैं?

### 138 — L-5

आप 3 सेब को दो पिता और उनके दो बच्चों में कैसे बाँटेंगे? ध्यान रहे सेब पूरे–पूरे बाँटने हैं।



# आओ देखें और सोचें

Day-46




केक

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- सुनील ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- सुनील ने मीना से केक का कितना हिस्सा ज़्यादा खाया?
- तीनों ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- केक का वह हिस्सा बताएँ जो किसी ने नहीं खाया?

# आज के सवाल

Day-47

**139** L-5

12 मोबाइल फोन की क़ीमत 1,86,000 रुपये है। यदि सभी फोन की क़ीमत बराबर हो तो बताएँ कि एक मोबाइल फोन की क़ीमत क्या होगी?

**140** L-5

शादी के समय दो घरों में ख़रीदारी चल रही थी। एक घर में 3,65,000 रुपये की ख़रीदारी की गई और दूसरे घर में 2,87,800 रुपये की ख़रीदारी की गई। बताएँ, किस घर में अधिक रुपये की ख़रीदारी की गई और कितनी ?

**141** L-5

एक व्यापारी ने 2,00,800 रुपये के रेडियो और 3,09,000 रुपये की कार ख़रीदी। बताएँ, उसने कितने रुपये ख़र्च किए?

**142** L-5

एक व्यापारी ने 13 ओवन मशीन 1,10,500 रुपये में ख़रीदी। बताएँ, यदि एक ओवन मशीन ख़रीदनी हो तो कितने रुपये की ज़रूरत होगी?

**143** L-5

10 लीटर के एक बर्तन को आप लगभग कितने गिलास पानी से भर सकते हैं?

**144** L-5

1,2,3,4,5,6,7,8 और 9 का इस्तेमाल करते हुए आपको 100 बनाना है। आप जमा, घटा, गुणा व भाग भी कर सकते हैं।

# Worksheet-8



## Section-A

**प्र. 1.** सम संख्याओं को छाँटकर अलग–अलग आकृतियों में लिखें।

12, 27, 56, 44, 11, 33, 92, 39, 84, 18, 65, 100, 49, 83



**प्र. 2.** घड़ी में कितना समय हुआ है?



**प्र. 3.** चार अंकों वाली कुल कितनी संख्याएँ होती हैं?

**प्र. 4.** सबसे बड़ी संख्या कौन–सी होती है?

## Section-B

**प्र. 5.** ख़ाली बॉक्स को भरें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 125 | + | | = | 300 |
| | ÷ | 4 | = | 60 |
| 46 | x | 7 | = | |
| | - | 42 | = | 152 |
| 65 | ÷ | 5 | = | |

## Section-C

**प्र. 6.** एक मोटर गाड़ी 3 घंटे में 75 कि.मी. चलती है। बताएँ, 225 कि.मी. की दूरी वह मोटर गाड़ी कितनी देर में तय करेगी?

**प्र. 7.** 62,589 में कौन–सी छोटी से छोटी संख्या घटाई जाए कि उसमें 12 से पूरा–पूरा भाग लग जाए?

## Section-D

**प्र. 8** समतुल्य भिन्न (Equivalent Fraction) लिखें।

$$\frac{1}{2} = \frac{\square}{4} = \frac{5}{\square} = \frac{\square}{16}$$

$$\frac{128}{340} = \frac{\square}{170} = \frac{32}{\square} = \frac{256}{\square}$$

# आज के सवाल

**145** L-5

तीन शहरों में क्रमशः 1,23,000, 3,40,000 और 4,50,098 लोग रहते हैं। बताएँ, तीनों शहरों में मिलाकर कितने लोग रहते हैं?

**146** L-5

किसी राज्य में पहले साल में 2,36,700 साइकिल और दूसरे साल में 2,08,769 साइकिल बेची गई। बताएँ, किस साल में अधिक साइकिल बेची गई और कितनी?

**147** L-5

एक व्यक्ति के पास 3,00,870 रुपये थे। यदि वह इससे दोगुने रुपये इसमें जोड़ना चाहे तो बताएँ कि उसके पास कितने रुपये हो जाएँगे?

**148** L-5

एक बूढ़े व्यक्ति के पास 3,97,000 रुपये हैं। वे इन सभी रुपयों को अपने 5 बेटों में बराबर–बराबर बाँटना चाहते हैं। बताएँ, वे प्रत्येक बेटे को कितने रुपये दे पाएँगे?

**149** L-5

आपकी सहेली/आपका दोस्त बाज़ार से 10 पेंसिल, 4 रबड़ 15 कॉपी और 3 आइसक्रीम लाए। अनुमान से बताएँ कि उन्हें दुकानदार को लगभग कितने रुपए देने पड़े होंगे?

**150** L-5

8 को जोड़ो 8 बार ताकि मिल जाएँ 1,000 ।



# देखें और सोचें

Day-50

## साँप–सीढ़ी खेलें और नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।




निर्देष :

- याद रहे यदि आपकी गोटी किसी साँप के मुँह के पास आ गई तो आप उस साँप की पूँछ तक वापस आ जाएँगे।
- मान लें कि आपकी गोटी 17 वीं संख्या पर आ गई तो आप सीढ़ी चढ़ते हुए 93 वीं संख्या पर पहुँच जाएँगे।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- यदि आपकी गोटी 5 पर है और आपको 9 पर जाना है तो बताएँ पासे पर कौन–सी संख्या की ज़रूरत है ?
- आप 11 पर हैं और पासे पर 6 आए तो आप कहाँ पहुँचेंगे? इसमें आपको कितने घर का फ़ायदा होगा ?
- आप 88 पर हैं और आपके पासे में 4 आता है। अब आपको कहाँ जाना होगा? कितने घर पीछे चले जाएँगे?
- यदि आप 55 वीं संख्या पर हैं तो बताएँ, आपको जीतने के लिए कितने अंकों की ज़रूरत है?
- आपका दोस्त 76 वीं और आप 85 वीं संख्या पर हो। बताएँ, आप दोनों को जीतने के लिए कितने अंकों की ज़रूरत होगी?

**इस खेल को खेलते जाएँ, ऐसे ही और सवाल बनाएँ और उनको हल करें।**

# आज के सवाल

**151** L-6

मीरा के पास, पूजा के कंचों के 2 गुने से 8 अधिक कंचे हैं। यदि मीरा के पास 86 कंचे हों तो बताएँ पूजा के पास कितने कंचे होंगे?

**152** L-6

मेरे पास 48 रुपये हैं। किरन के पास मुझसे 25 रुपये अधिक हैं। यदि किरन ने 15 रुपये पकौड़े खाने में ख़र्च किए तो बताएँ कि अब किरन के पास कितने रुपये हैं?

**153** L-6

एक वर्गाकार खेत की 4 मेढ़ों पर शीशम के पेड़ लगाए गए। प्रत्येक मेढ़ पर 12 शीशम के पेड़ लगे हैं। बताएँ, सभी मेढ़ों को मिलाकर कितने पेड़ लगे होंगे?

**154** L-6

अनुपम के पास जो भी संख्या है उसके दोगुने से 12 अधिक इरशाद के पास है। यदि अनुपम के पास 47 संख्या है तो बताएँ इरशाद के पास कौन–सी संख्या होगी?

**155** L-6

डेजी ने आधा किलो आलू और ढाई किलो बैंगन ख़रीदे। बताएँ, डेजी ने कितने किलो सब्ज़ी ख़रीदी?

**156** L-6

एक कक्षा में 12 बच्चे हैं। 6 बच्चे जुराब पहने हुए हैं और 4 बच्चे जूते पहने हुए हैं। तीन बच्चे जूते–जुराब दोनों पहने हुए हैं। बताएँ, कितने बच्चे नंगे पैर हैं?



# देखें और सोचें

Day-52

रंग–बिरंगी पतंग



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- पतंग में लाल रंग को भिन्न के रूप में लिखें।
- पतंग में पीले रंग को भिन्न के रूप में लिखें।
- पतंग में हरे व नीले रंग के योग को भिन्न के रूप में लिखें।
- पतंग में पीले व बैंगनी रंग के भिन्नों के अंतर को भिन्न के रूप में लिखें।
- पतंग में लाल व हरे रंग के भिन्नों के गुणनफल को भिन्न के रूप में लिखें।

# आज के सवाल



**157** L-6

करीम ने ईद के मौक़े पर 160 रुपये प्रति किलो के हिसाब से चार किलो लड्डू ख़रीदे। उसने दुकानदार को 2000 रुपये का एक नोट दिया। बताएँ, दुकानदार कितने रुपये वापस करेगा?

**158** L-6

अजय ने एक दुकान से 3 पैंट ख़रीदी। एक पैंट की क़ीमत 613 रुपये हैं। उसे प्रत्येक पैंट पर 50 रुपये की छूट मिली। बताएँ, अजय ने दुकानदार को कुल कितने रुपये दिए।

**159** L-6

हर्ष के घर में प्रतिदिन 2 लीटर दूध आता है। यदि एक लीटर दूध का मूल्य 35 रुपये हो तो बताएँ, मई माह में हर्ष के परिवार को दूध के कितने रुपये देने होंगे?

**160** L-6

472 सेब की पेटियों को 2 भाइयों में इस प्रकार बाँटने हैं कि बड़े भाई को छोटे भाई से 7 पेटी अधिक मिले। बताएँ दोनों भाइयों को कितनी–कितनी पेटियाँ मिलेंगी?

**161** L-6

मनोहर डेढ़ किलो जलेबी ख़रीदना चाहता है। यदि एक किलो जलेबी की क़ीमत 300 रुपये है तो बताएँ मनोहर दुकानदार को कितने रुपये देगा?

**162** L-6

यदि आप टेलीफ़ोन में मौजूद सभी अंकों की एक साथ गुणा करें तो आपको कौन–सी संख्या मिलेगी?

# Worksheet-9

Day-54

## Section-A

प्र. 1. 5 अंकों की सबसे छोटी संख्या लिखें।

प्र. 2. 98699 के ठीक बाद वाली संख्या क्या होगी?

प्र. 3. 56310 में 1 का स्थानीय मान लिखें।

प्र. 4. 98765 और 98895 में छोटी संख्या कौन–सी है?

प्र. 5. 65321 का विस्तारित रूप लिखें।

## Section-B

प्र. 6.

```
   7 □ 9 □
 - □ 4 □ 6
 ---------
   2 4 0 2
```

प्र. 7.

```
   □ 0 □ 0
 - 3 □ 9 □
 ---------
   2 4 0 2
```

प्र. 8. 62,509 x 10 x 10 = ............................

प्र. 9. 506 x 1,000 x 0 = ............................

प्र. 10. 64,800 ÷ 100 = ............................

## Section-C

प्र. 11. एक शहर की जनसंख्या 65,354 है। यदि इनमें से 30,202 पुरुष हैं तो महिलाओं की संख्या कितनी है?

प्र. 12. 32,535 में क्या जोड़ें कि 40,000 प्राप्त हो?

## Section-D

प्र. 13. चित्रों को छायांकित कर भिन्नों के जोड़ और घटाव को दिखाएँ।

(i)


(ii)


(iii)


(iv)


(v)


# आज के सवाल

Day-55

**163** L-6

राजू के पास 210 रुपये हैं। राजू के 4 गुने से 10 रुपये अधिक सरिता के पास हैं। बताएँ, सरिता के पास कितने रुपये हैं?

**164** L-6

मदन ने 775 रुपये क़ीमत वाली दो रेडियो ख़रीदे। उसने दुकानदार को 2,000 रुपये का एक नोट दिया। बताएँ, दुकानदार उसे कितने रुपये वापस करेगा?

**165** L-6

ममता ने एक दुकान से 5 शर्ट ख़रीदी। एक शर्ट की क़ीमत 345 रुपये हैं। उसे प्रत्येक शर्ट पर 25 रुपये कम देने पड़े। बताएँ, ममता ने दुकानदार को कितने रुपये दिए?

**166** L-6

एक खिलौने की क़ीमत 450 रुपये और एक गुड़ियाँ की क़ीमत खिलौने की क़ीमत के 2 गुने से 45 रुपये कम हैं। बताएँ, गुड़ियाँ की क़ीमत कितनी है?

**167** L-6

आपके मोहल्ले में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग कितने लोग होंगे?

**168** L-6

चित्रानुसार तीलियों को सजाएँ। अब किन्हीं तीन तीलियों को हटा कर तीन समान त्रिभुज पाएँ।





# देखें और सोचें

Day-56

## पढ़ें और समझें

अनिल जब 20 वर्ष का था तब उसने एक गुल्लक ख़रीदी थी। वह अपने हर जन्मदिन पर हर गुल्लक में 250 रुपये जमा करता था। लेकिन उसका छोटा भाई सुनील अपने हर जन्मदिन पर उस गुल्लक में से 50 रुपये निकाल लेता था। जब अनिल 60 वर्ष का हुआ तो उसने गुल्लक तोड़ी तो देखकर हैरान रह गया कि गुल्लक में सिर्फ़ 500 रुपये ही थे, वह सोच–सोच कर हैरान था कि आख़िर यह कैसे हुआ? क्या आप अनिल की मदद कर सकते हैं?



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- आपके घर के 2 लोग अलग–अलग गुल्लक में हर सप्ताह 50 रुपये डालते हैं तो 12 सप्ताह के बाद गुल्लक में कितने रुपये जमा हो जाएँगे?
- अभी आप 8 वर्ष के हैं और अपने हर जन्मदिन पर गुल्लक में 25 रुपये डालते हैं। जब आप 20 वर्ष के हो जाएँगे तो आपके गुल्लक में कितने रुपये जमा होंगे?
- यदि आप हर दिन 5 रुपये की बचत करते हैं तो बताएँ 1 मार्च 2017 से 31 दिसम्बर 2017 तक आपकी गुल्लक में कितने रुपये हो जाएँगे?

# आज के सवाल

Day-57

**169** L-6

रीमा घर से 3000 रुपये लेकर बाज़ार गई। उसने 175 रुपये प्रति सेट के हिसाब से पुस्तकों के 12 सेट ख़रीदे। बताएँ, उसके पास कितने रुपये बचे?

**170** L-6

पाँच चटाइयों का मूल्य 750 रुपये है। यदि रूद्र को 2 चटाई ख़रीदनी हो तो वह दुकानदार को कितने रुपये देगा?

**171** L-6

शिवम ने 656 रुपये की कमीज़ और 700 रुपये की पैंट ख़रीदी। इन दोनों को ख़रीदने में शिवम को 256 रुपये की छूट मिली। बताएँ, शिवम दुकानदार को कितने रुपये देगा?

**172** L-6

समर ने 165 रुपये के 3 गुने से 18 रुपये अधिक की एक मशीन ख़रीदी और उसे 850 रुपये में बेच दी। बताएँ, समर को उस मशीन को बेच कर कितने रुपये का फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**173** L-6

आज माँ ने 12 रोटियाँ बनाई हैं। लेकिन खाने वाले आज घूमने चले गए हैं। मैंने भी सभी रोटियों का एक तिहाई हिस्सा खाया है। बताएँ, मैंने कितनी रोटियाँ खाईं?

**174** L-6

एक आदमी के पाँच बेटे थे। उसने अपने वेतन में से 100 रुपये सभी बेटों में बाँटे। शुरुआत उसने सबसे छोटे बेटे से की। उसने सबसे छोटे बेटे से प्रत्येक बड़े बेटे को 2 रुपए अधिक दिए। इस प्रकार सबसे बड़े बेटे को अपने छोटे भाई से 8 रुपये अधिक मिले। बताएँ, प्रत्येक बेटे को कितने रुपये मिले?



# देखें और सोचें



## मज़ेदार चॉकलेट




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चाकलेट में रानी का हिस्सा कितना है?
- चाकलेट में सलीम का हिस्सा कितना है?
- चाकलेट में किस–किस को बराबर हिस्सा मिला?
- रानी और अजय के हिस्से का योग क्या है?
- अजय को यशोदा से कितना हिस्सा अधिक मिला?
- चारों के हिस्सों का योग क्या होगा?

## आज के सवाल

Day-59

**175** L-6

अंजलि के पास शेखर के चार गुने से 120 रुपये अधिक हैं। यदि शेखर के पास 609 रुपये हैं तो अंजलि के पास कितने रुपये होंगे?

**176** L-6

सोहन हर हफ़्ते अपने दादाजी से अपने घर के समान के लिए 288 रुपये लेता है और उसमें से 30 रुपये वापस कर देता है। बताएँ, सोहन जुलाई के महीने में कितने रुपये घर के समान में ख़र्च करता है?

**177** L-6

यदि एक मज़दूर 7 दिनों में 385 रुपये की मज़दूरी कर लेता है तो बताएँ कि 12 दिनों में वह कितनी मज़दूरी लेगा?

**178** L-6

राजू ने 20 लीटर दूध 800 रुपये में ख़रीदकर 45 रुपये प्रति लीटर के भाव से बेच दिया। बताएँ, राजू को कितना फ़ायदा या नुकसान हुआ?

**179** L-6

रोहन ने डेढ़ किलो सेब, एक पाव लीची और साढ़े पाँच किलो अंगूर ख़रीदे। बताएँ, उसने कितने किलो फल ख़रीदे?

**180** L-6

एक चींटी एक मिनट में 6 मीटर तक चढ़ती है तथा उसके अगले एक मिनट में 3 मीटर चलती है तो बताएँ चींटी को 60 मीटर खम्भे पर चढ़ने के लिए कितना समय लगेगा?

# Worksheet-10

Day-60

## Section-A

**प्र. 1.** दी गई संख्याओं की तुलना करते हुए सही चिन्ह लगाएँ। (<) या (>)

| | | |
|---|---|---|
| 54320 | ◯ | 54815 |
| 72306 | ◯ | 72195 |
| 30138 | ◯ | 38340 |
| 15015 | ◯ | 15051 |
| 90315 | ◯ | 90320 |

## Section-B

**प्र. 2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

15530 + ...................... = 16530

20,000 + 30,000 – 50,000 = ......................

24,000 x 4 = ......................

54,500 + 30,000 - ...................... = 1,093

...................... – 2500 = 10,000

## Section-C

**प्र. 3.** 5 अंकों की एक संख्या में से 5,000 घटाने पर 35,500 प्राप्त होते हैं। बताएँ, वह संख्या कौन–सी है?

**प्र. 4.** एक विद्यालय में 8 CCTV लगाने का ख़र्चा 48,800 रुपये हुआ। बताएँ, एक CCTV पर कितना ख़र्च पड़ा?

## Section-D

**प्र. 5.** रिक्त स्थानों को भरें।

| क्र. सं. | वस्तु का नाम | पैकेट पर लिखा वज़न (ग्राम में) | यह वज़न एक किलोग्राम का कौन–सा भाग है? |
|---|---|---|---|
| 1. | टूथपेस्ट | 100 ग्राम | .............................. |
| 2. | चीनी | 500 ग्राम | .............................. |
| 3. | चाय पत्ती | 250 ग्राम | .............................. |
| 4. | अरहर दाल | 750 ग्राम | .............................. |
| 5. | गर्म मसाला | 400 ग्राम | .............................. |

# आज के सवाल

**181** L-6

आम की तीन टोकरियों का वज़न क्रमशः 14 किलोग्राम 250 ग्राम, 21 किलोग्राम 650 ग्राम तथा 14 किलोग्राम 350 ग्राम है। बताएँ, कुल 60 किलोग्राम वज़न होने के लिए चौथी टोकरी का वज़न कितना होना चाहिए?

**182** L-6

विकास के बैंक खाते में 8,756 रुपये थे। उसने पहली तारीख़ को 35,625 रुपये अपने खाते में और जमा किए। बाद में उसने खाते में से 4,215 रुपये निकाल लिए। बताएँ, अब उसके खाते में कितने रुपये हैं?

**183** L-6

यदि 20 घड़ियों का मूल्य 1,500 रुपये हों तो 14 घड़ियों का मूल्य क्या होगा?

**184** L-6

यदि 6 दर्जन केले का मूल्य 240 रुपये है तो 6 केले का मूल्य क्या होगा?

**185** L-6

एक रोटी को 4 बराबर हिस्से में बाँटने के बाद 2 बच्चों को बराबर हिस्सा देना है। बताएँ, प्रत्येक बच्चे का हिस्सा क्या होगा?

**186** L-6

रवि के पास टोकरी में कुछ अंडे हैं। उसकी माँ ने पूछा कि बेटे यह कितने अंडे हैं। तो रवि ने जवाब दिया, "अगर मैं इन अंडों को दो की जोड़ी में गिनूँ तो एक बचेगा, अगर तीन की जोड़ी में गिनूँ तो भी एक बचेगा, अगर चार की जोड़ी में गिनूँ तो भी एक बचेगा लेकिन अगर पाँच की जोड़ी में गिनूँ तो कोई अंडा नहीं बचेगा।" क्या आप रवि की माँ की मदद कर सकते हैं यह जानने में कि कितने अंडे हैं?



# देखें और सोचें

Day-62

## भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ियों के एक दिवसीय मैच का विवरण

| नाम | खेले गए मैच | बनाए गए रन | शतक |
|---|---|---|---|
|  सचिन उम्र–44 | 463 | 18,426 | 49 |
|  धोनी उम्र–36 | 318 | 9,967 | 10 |
|  विराट उम्र–29 | 208 | 9,588 | 35 |
|  रोहित उम्र–30 | 180 | 6,594 | 17 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- दी गई जानकारी के अनुसार सबसे अधिक रन किसने बनाए हैं?
- कितने खिलाड़ियों ने दस हज़ार से कम रन बनाए हैं?
- सचिन की उम्र विराट से कितने वर्ष अधिक है?
- रोहित को सचिन के बराबर रन बनाने के लिए कितने और रन बनाने होंगे?
- कोहली को दस हज़ार रन बनाने के लिए अभी कितने रन और बनाने की ज़रूरत है?
- धोनी कितने शतक और लगाए कि कोहली के बराबर हो जाए?
- कुल खेले गए मैचों की तुलना में शतक बनाने में किसका प्रदर्शन सबसे अच्छा है?

# आज के सवाल

Day-63

**187** L-6

यदि एक मोटरगाड़ी 3 घंटे में 75 किलोमीटर चलती है, तो 225 किलोमीटर की दूरी वह मोटर गाड़ी कितनी देर में तय करेगी?

**188** L-6

एक ट्रेन मेरठ से दिल्ली के लिए 16:10 बजे प्रस्थान करती है तथा 3 घंटे 55 मिनट बाद दिल्ली पहुँच जाती है। बताएँ, वह ट्रेन दिल्ली 12 घंटे वाली घड़ी के अनुसार किस समय पहुँचती है?

**189** L-6

3 मेज़ों का मूल्य 612 रुपये है। बताएँ, ऐसी 6 मेज़ों का मूल्य क्या होगा?

**190** L-6

एक पुस्तकालय में 1,375 किताबें हैं। यदि स्कूल द्वारा हरेक सप्ताह 25 किताबें ख़रीदी जाती हैं तो 5 सप्ताह में उस पुस्तकालय में कितनी किताबें हो जाएँगी?

**191** L-6

एक रोटी को यदि आधा–आधा भागों में बाँटना हो तो इस रोटी के कितने बराबर भाग करने होंगे?

**192** L-6

एक पेड़ पर 30 कबूतर हैं। उन कबूतरों को उड़ कर दूर जाना है, लेकिन वे जोड़ा बनाकर नहीं उड़ सकते हैं। बताएँ, आप कबूतरों को 4 बार में कैसे उड़ाएँगे?



# देखें और सोचें



## गीता का जन्मदिन




केक

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- गीता के जन्मदिन पर काटे गए केक में गीता का हिस्सा क्या होगा?
- शबनम ने कितना केक खाया?
- अंजली और शबनम का कुल हिस्सा बताएँ?
- इस केक में से किस–किस को बराबर केक खाने को मिला?
- शबनम, गीता और राहुल का कुल हिस्सा बताएँ?

# आज के सवाल

Day-65

**193** L-6

रोहित 1 किलोमीटर की दूरी 16 मिनट में तय करता है। बताएँ, वह 15 किलोमीटर की दूरी कितने घंटे में तय करेगा?

**194** L-6

मनीष ने सोमवार को 3 लीटर 200 मिलि लीटर दूध तथा बुधवार को 4 लीटर 700 मिलि लीटर दूध ख़रीदा। बताएँ, गुरुवार को वह कितना दूध ख़रीदे कि इन तीन दिनों को मिलाकर कुल 10 लीटर दूध हो जाए?

**195** L-6

एक बस में 54 लोग सवार थे। दूसरे स्टॉप पर आधे लोग उतर गए और 10 लोग चढ़ गए। बताएँ, बस में अब कितने लोग हैं?

**196** L-6

यदि 55 बोरी गेहूँ का वज़न 49 क्विंटल 50 किलोग्राम हों तो 11 बोरी गेहूँ का वज़न कितना होगा?

**197** L-6

एक चॉकलेट को 2 बराबर भागों में बाँटा गया है। बताएँ, प्रत्येक भाग को संख्या रूप में क्या लिखेंगे?

**198** L-6

मैं तीन अंकों वाली एक संख्या हूँ। मेरी इकाई का अंक सैकड़े के अंक से बड़ा है। मेरी दहाई का अंक सम संख्या है। मेरा दोगुना हज़ार से ज़्यादा है। बताएँ, मैं कौन–सी संख्या हूँ?

# Worksheet-11

Day-66

## Section-A

प्र. 1. दी गई संख्याओं के ठीक पहले और बाद की संख्या लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | | 44,399 | |
| 2. | | 20,110 | |
| 3. | | 34,001 | |
| 4. | | 64,009 | |
| 5. | | 75,000 | |

## Section-B

प्र. 2. रिक्त स्थानों को भरें।

...................... + 35,353 = 35380

12305 + 7695 = ......................

10300 x 5 = ......................

45300 ÷ 300 = ......................

50250 − 50500 + 250 = ......................

## Section-C

प्र. 3. 15,000 को 5 से गुणा कर प्राप्त राशि को में कौन–सी छोटी संख्या जोड़ी जाए कि उसमें 9 से पूरा–पूरा भाग लग जाए?

प्र. 4. 45,090 को किससे भाग दें कि 45 प्राप्त हो?

## Section-D

प्र. 5. दिए गए भिन्नों को आरोही क्रम (Ascending Order) में लगाएँ।

$\frac{3}{8}$ , $\frac{5}{8}$ , $\frac{2}{8}$ , $\frac{7}{8}$ , $\frac{4}{8}$

प्र. 6. दिए गए भिन्नों को अवरोही क्रम (Descending Order) में लगाएँ।

$\frac{5}{13}$ , $\frac{5}{8}$ , $\frac{5}{15}$ , $\frac{5}{9}$ , $\frac{5}{6}$

# आज के सवाल

Day-67

**199** L-6

राधा के पास जितने रुपये हैं उसके 3 गुने से 75 रुपये कम ममता के पास हैं। यदि ममता के पास 1,806 रुपये हों तो बताएँ, राधा के पास कितने रुपये हैं?

**200** L-6

राहुल ने पेन्सिल के 6 पैकेट ख़रीदे। प्रत्येक पैकेट में 12 पेन्सिलें थीं। राहुल ने इन पेन्सिलों को 3 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँट दिया। बताएँ, प्रत्येक दोस्त को कितनी पेन्सिलें मिलेंगी?

**201** L-6

मनीष ने 45 लड्डू के डिब्बे ख़रीदे और प्रत्येक डिब्बे में 22 लड्डू थे। इसमें से आधे लड्डू ख़राब हो गए। बताएँ, कुल कितने लड्डू खाने योग्य बचे?

**202** L-6

दयानन्द के पिताजी की उम्र उसकी उम्र के 4 गुने से 25 साल कम है। यदि पिताजी की उम्र 47 साल है तो दयानन्द की उम्र कितनी है?

**203** L-6

एक वृत्त को 4 बराबर भागों में बाँटा गया है। बताएँ, प्रत्येक भाग पूरे वृत्त का कितना होगा?

**204** L-6

अपने मन में कोई संख्या सोचिए। अब सोची गई संख्या को दोगुना कर दीजिए। परिणाम में 10 जोड़कर 2 से भाग कर दीजिए। अब जो भी परिणाम आए, उसमें से सोची गई संख्या को घटा दीजिए। अब परिणाम में आपको 5 मिलेगा। बताएँ, ऐसा क्यों होता है?





# देखें और सोचें

## समय–सारणी

### रेलगाड़ी संख्या – 12952
### रेलगाड़ी का नाम – मुंबई राजधानी एक्सप्रेस

| क्रम संख्या | स्टेशन का नाम | आने का समय (आगमन) | जाने का समय (प्रस्थान) | दूरी (कि.मी.) | दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नई दिल्ली | स्रोत स्थान | 16 : 25 | 0 | 1 |
| 2 | कोटा जंक्शन | 20 : 55 | 21 : 05 | 465 | 1 |
| 3 | रतलाम जंक्शन | 00 : 02 | 00 : 05 | 731 | 2 |
| 4 | वदोदरा जंक्शन | 03 : 24 | 03 : 34 | 993 | 2 |
| 5 | सूरत | 04 : 58 | 05 : 03 | 1122 | 2 |
| 6 | बोरीवलि | 07 : 29 | 07 : 31 | 1355 | 2 |
| 7 | मुंबई सेंट्रल | 08 : 15 | गंतव्य स्थान | 1384 | 2 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- रतलाम जंक्शन से सूरत की दूरी कितने किलोमीटर है?
- यह रेलगाड़ी कुल कितने किलोमीटर की दूरी तय करती है?
- किन दो लगातार स्टेशनों के बीच की दूरी सबसे अध्कि है?
- सोहन का टिकट रतलाम जंक्शन से 9 तारीख़ का है। बताएँ, उसे रेलगाड़ी पकड़ने के लिए 8 तारीख़ की रात को स्टेशन जाना चाहिए या 9 तारीख़ की रात को?
- सूरत स्टेशन पर रेलगाड़ी कितने मिनट रुकती है?
- कोटा से सूरत पहुँचने में कुल कितना समय लगता है?

# आज के सवाल

Day-69

**205** L-6

एक कार 1 लीटर पेट्रोल में 25 कि.मी. जाती है। 850 कि.मी. जाने में 70 रुपये प्रति लीटर की दर से कितने रुपये का पेट्रोल लगेगा?

**206** L-6

सोनिया 8 दिन में 960 रुपये की मज़दूरी करती है। बताएँ, वह 15 दिनों में कितने रुपये की मज़दूरी कर लेगी?

**207** L-6

राजा के पास 45 आम थे। सोनू ने उसे 55 आम और दे दिए। राजा ने अपने कुल आमों का आधा अपने भाई रमेश को दे दिया तो रमेश को कितने आम मिले?

**208** L-6

एक मैच में सचिन 100 रन, सहवाग 37 रन, धोनी 87 रन और शेष खिलाड़ियों ने मिलकर 173 रन बनाए, फिर भी भारत 97 रन से वह मैच हार गया। बताएँ, भारत को मैच जीतने के लिए कितने रनों की ज़रूरत थी?

**209** L-6

कोमल के पास 50 रुपये हैं। यदि उसे इनमें से आधे अपने भाई को देने हों तो बताएँ कि उसे अपने भाई को कितने रुपये देने होंगे?

**210** L-6

एक हवाई जहाज़ स्थान 'ए' से 'बी' जाने के लिए 1 घंटा 20 मिनट का समय लेता है। जबकि वापस आने के लिए 80 मिनट का समय लेता है। इस विषय में आप क्या तर्क देना चाहेंगे?



# देखें और सोचें

Day-70

**मीरा के द्वारा ख़र्च किए गए 300 रुपये का बिल**

| वस्तु | ख़र्च |
|---|---|
| 1. चीनी | 40 रु० |
| 2. दाल | 80 रु० |
| 3. चावल | 60 रु० |
| 4. अंडे | 30 रु० |
| 5. सब्जी | 60 रु० |
| 6. चायपत्ती | 20 रु० |
| 7. बिस्कुट | 10 रु० |
| कुल | 300 रु० |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- मीरा ने कुल ख़र्च का कितना भाग चावल पर ख़र्च किया?
- मीरा ने सबसे अधिक ख़र्च किस वस्तु पर किया और यह कुल ख़र्च का कितना भाग है?
- मीरा ने चायपत्ती और बिस्कुट पर कुल ख़र्च का कितना भाग ख़र्च किया है?
- मीरा के द्वारा चावल, अंडे व सब्ज़ी पर किया गया कुल ख़र्च, सभी वस्तुओं पर किए गए कुल ख़र्च का कितना भाग है?
- मीरा के द्वारा चीनी पर किया गया ख़र्च दाल पर किए गए ख़र्च का कितना भाग है?
- मीरा ने सब्ज़ी पर किए गए ख़र्च का $\frac{1}{3}$ भाग किस वस्तु पर ख़र्च किया है?

# आज के सवाल

**211** L-6

नीचे दो रेलगाड़ियों के विवरण हैं। पहली रेलगाड़ी पटना से दिल्ली आ रही है। दूसरी रेलगाड़ी दिल्ली से पटना जा रही है। पहली रेलगाड़ी पटना से 590 किलोमीटर की दूरी पर तथा दूसरी रेलगाड़ी दिल्ली से 355 किलोमीटर की दूरी पर एक–दूसरे से मिलती है। बताएँ कि पटना और दिल्ली के बीच की दूरी कितनी है?



पटना



दिल्ली

**212** L-6

तीन लगातार संख्याओं का जोड़ 369 है तो सबसे बड़ी संख्या क्या है?

**213** L-6

अशोक के पास 2 रुपये और 5 रुपये वाले कुछ नोट हैं जिनका मूल्य 341 रुपये है। 2 रुपये वाले नोटों की संख्या 5 रुपये वाले नोटों की संख्या से 20 अधिक है। दोनों प्रकार के नोटों की संख्या बताएँ?

**214** L-6

किसी संख्या में 68 घटाने के बाद प्राप्त संख्या को 7 से गुणा करने पर 5068 प्राप्त होता है। बताएँ, कि वह संख्या क्या है?

**215** L-6

हरीश के पास 15 टॉफी हैं। यदि उसे अपने 3 दोस्तों में बराबर बाँटनी हों तो प्रत्येक दोस्त का हिस्सा क्या होगा?

**216** L-6



# Worksheet-12

Day-72

## Section-A

**प्र. 1.**

| गुप्ता इलैक्ट्रोनिक्स, दिल्ली | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मूल्य |
| 1. | टेलिविज़न (TV) | 49,800 रुपये |
| 2. | वाशिंग मशीन | 11,500 रुपये |
| 3. | लैपटॉप | 49,650 रुपये |
| 4. | आईफोन | 28,000 रुपये |
| 5. | माइक्रोवेव | 17,550 रुपये |

(i) टेलिविज़िन और लैपटॉप में से अधिक मूल्य किसका है और सबसे कम मूल्य किसका है?

(ii) किन दो वस्तुओं का मूल्य लगभग समान है?

(iii) मूल्यों को बढ़ते क्रम में लगाने से किस वस्तु का मूल्य ठीक बीच में आएगा?

(iv) सबसे महँगी कौन–सी वस्तु है?

## Section-B

**प्र0 2.** चिह्नों को समझते हुए हल करें।

(i) $\begin{array}{r} 17549 \\ +36753 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

(ii) $\begin{array}{r} 88000 \\ -65355 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

(iii) $\begin{array}{r} 23503 \\ \times 58 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

(iv) 30,800 ÷ 140

(v) 13,500 x 5 x 25

## Section-C

**प्र. 3.** एक व्यक्ति जनवरी के महीने में 46,500 रुपये कमाता है तो उसकी एक दिन की आय कितनी होगी?

**प्र. 4.** एक मोबाईल की क़ीमत 10,000 रुपये है। हर एक 100 रुपये पर 18 रुपये GST देना पड़ता है। बताएँ कि वह मोबाइल ख़रीदने पर कितना GST लगेगा?

## Section-D

**प्र. 5.** चिह्नों के अनुसार दिए हुए भिन्नों का जोड़ या घटाव करें।

(i) $\frac{7}{13} + \frac{5}{13} =$

(ii) $\frac{8}{25} - \frac{5}{25} =$

(iii) $\frac{9}{37} + \frac{12}{37} =$

(iv) $\frac{28}{75} - \frac{15}{75} =$

# आज के सवाल

**217** L-6

दो बसें एक ही दिशा में जा रही हैं। पहली बस 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तथा दूसरी बस 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चल रही हैं। पहली बस दूसरी बस से 4 घंटे पहले खुली तो बताएँ कि दूसरी बस पहली बस से कितने घंटे बाद मिलेगी?

**218** L-6

मैं एक संख्या हूँ। मुझे 9 बार लेकर उसमें 60 जोड़िए। तीन सैकड़े तक पहुँचने के लिए आपको अभी भी 87 चाहिए। बताएँ, मैं कौन–सी संख्या हूँ?

**219** L-6

617 में कौन–सी संख्या जोड़ी जाए कि उसमें 8 से पूरा–पूरा भाग लग जाए?

**220** L-6

941 में कौन–सी छोटी–से छोटी संख्या घटाई जाए कि उसमें 7 से पूरा–पूरा भाग लग जाए?

**221** L-6

रानी अपने जन्मदिन पर केक काटकर अपने 8 दोस्तों में बराबर बाँटती है। बताएँ, प्रत्येक दोस्त को कितना केक मिलेगा?

**222** L-6

एक आदमी 3 थैलों में 90 नारियल भरकर घर के लिए चल पड़ा। प्रत्येक थैले में 30 नारियल रखने की ही जगह है। घर जाते समय रास्ते में 30 टोल नाके पड़ते हैं। प्रत्येक टोल नाके का नियम है कि आपके पास जितने थैले होंगे उतने नारियल टोल टैक्स के रूप में देने होंगे। बताएँ, घर के लिए वह कितने नारियल ले जा पाएगा? ध्यान रहे उत्तर शून्य (0) नहीं होना चाहिए।



# देखें और सोचें

Day-74

निम्न ग्राफ़ को ध्यान से देखें
व समझें और पूछे गए
प्रश्नों के उत्तर दें




नोट : दी गई आकृतियों में जहाँ भी एक रेखाखंड दूसरी रेखाखंड पर सीधी खड़ी है, उनसे बनने वाले कोण को $90^0$ मानें।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- A के पास कितना वर्ग सें.मी. क्षेत्रफल है?
- D के पास B से कितना वर्ग सें.मी. क्षेत्रफल अधिक है?
- अगर C का क्षेत्रफल का चार गुना कर दें तो कितना क्षेत्रफल होगा?
- B का परिमाप क्या होगा?
- A तथा C में किसका परिमाप अधिक है और कितना?
- D का परिमाप क्या होगा?

# आज के सवाल

Day-75

**223** L-6

टोकरी में रखी 367 लीचियों को रहीम और करीम में इस प्रकार बाँटना है कि रहीम को करीम से 41 लीची ज़्यादा मिले। बताएँ, कि रहीम और करीम को कितनी–कितनी लीचियाँ मिलेंगी?

**224** L-6

रमन और पवन के पास कुछ केले हैं। पवन के पास जितने केले हैं उसके दोगुने से 16 केले कम रमन के पास है। यदि रमन के पास 120 केले हैं तो बाताएँ कि पवन के पास कितने केले हैं?

**225** L-6

राधा के पास कुछ सिक्के 2 रुपये वाले तथा कुछ सिक्के 5 रुपये वाले हैं। 2 रुपये वाले सिक्कों की संख्या 5 रुपये वाले सिक्कों की संख्या की चौगुनी है। दोनों तरह के सिक्कों का कुल मूल्य 65 रुपये हैं। बताएँ कि दोनों तरह के सिक्कों की संख्या क्या है?

**226** L-6

सुनील और अनिल के पास कुछ सेब हैं। अनिल, सुनील से कहता है कि अगर तुम अपना 16 सेब मुझे दे दोगे तो मेरे पास 80 सेब हो जाएँगे जो कि तुम्हारे सेब से दोगुना होगा। बताएँ कि दोनों के पास कतने–कितने सेब हैं?

**227** L-6

एक चौथाई और तीन चौथाई का योगफल क्या होगा?

**228** L-6

2 बच्चे और 2 नौजवान को नाव से एक नदी पार करनी है। प्रत्येक नौजवान का वज़न समान है। प्रत्येक बच्चे का वज़न नौजवान के वज़न का आध है। नाव एक बार में केवल एक नौजवान के वज़न को ढो सकती है। हर बार नाव में कम से कम एक व्यक्ति ज़रूर होने चाहिए। अब बताएँ, कितनी बार में दोनों बच्चे और दोनों नौजवान नदी को पार कर पाएँगे? 10 नौजवान और 2 बच्चे कितनी बार में नदी को पार कर पाएँगे?



# देखें और सोचें

Day-76

## आकार – प्रकार



नोट : दी गई आकृतियों में जहाँ भी एक रेखाखंड दूसरी रेखाखंड पर सीधी खड़ी है, उनसे बनने वाले कोण को $90^0$ मानें।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में कितने आयत हैं?
- चित्र में कितने वर्ग हैं?
- वर्ग का परिमाप क्या होगा?
- आयत का क्षेत्रफल क्या होगा?
- क्षेत्रफल की इकाई वर्ग ही क्यों होती है?

..........................................................................

..........................................................................

# आज के सवाल



**229** L-6

जावेद और इक़बाल के पास कुछ अंडे हैं। जावेद के पास जितने अंडे हैं उसके दोगुने से 68 अंडे अधिक इक़बाल के पास है। यदि इक़बाल के पास 1000 अंडे हैं तो बताएँ कि उन दोनों के पास कितने–कितने अंडे हैं?

**230** L-6

रोहित साल भर में पढ़ाई पर मोहित की तुलना में उसके 8 गुने से 738 रुपये अधिक ख़र्च करता है। यदि रोहित अपनी पढ़ाई पर साल भर में 6650 रुपये ख़र्च करता है तो बताएँ कि मोहित साल भर में कितने रुपये ख़र्च करता है?

**231** L-6

एक दुकानदार दो प्रकार की पेटियों में सेब बेचता है। ये पेटियाँ छोटी और बड़ी हैं। एक बड़ी पेटी में 7 छोटी पेटियों के बराबर सेब और 13 अतिरिक्त सेब आते हैं। एक बड़ी पेटी में 146 सेब आते हैं। बताएँ कि एक छोटी पेटी में कितने सेब आते हैं?

**232** L-6

पंकज ने अपने मन में एक संख्या सोचा। उसमें उसने 9 से गुणा कर 12 जोड़ा तो उसे 147 प्राप्त हुआ। बताएँ कि उसने अपने मन में कौन–सी संख्या सोची?

**233** L-6

एक आयत की चारों भुजाओं के जोड़ को हम क्या कहेंगे?

**234** L-6

24 बच्चे एक नाटक देखने गए। क्या आप इन्हें 6 लाईन में इस तरह बैठा सकते हैं कि हर लाईन में 5 बच्चे हों?

## Section-A

**प्र. 1.** 5,35,435 को शब्दों में लिखें।

**प्र. 2.** सात करोड़ पाँच लाख तीन हज़ार आठ सौ तीन को अंकों में लिखें।

**प्र. 3.** 5,37,621 में संख्या 7 का स्थानीय मान क्या होगा?

**प्र. 4.** नीचे दिए गए Abacus से बनने वाली संख्या लिखें । .......................................



## Section-B

**प्र. 5.**

```
   261
+76389
______
```

```
  85307
+59376
______
```

**प्र. 6.** 9,00,000 + 50,000 + 7,000 + 300 + 5

= ..............................

**प्र. 7.** संख्या 5,04,37,605 को विस्तारित रूप में लिखें।

```
  73564
-34578
______
```

```
  50006
-23598
______
```

## Section-C

**प्र. 8.** दिल्ली की जनसंख्या 19,072,564 है तथा मुम्बई की जनसंख्या 2,07,48395 है, दोनों शहर की कुल जनसंख्या ज्ञात करें।

**प्र. 9.** एक विद्यालय के भवन निर्माण का ख़र्च लगभग 5,75,00,000 रुपये हैं। विद्यालय के पास रुपये 4,87,50,000 हैं। भवन बनाने के लिए विद्यालय को कितनी धनराशि और चाहिए?

## Section-D

**प्र. 10.**




उपरोक्त चित्र का परिमाप तथा क्षेत्रफल पता करें।

# आज के सवाल

**235** L-6

सकीना के पापा की आज की उम्र सकीना के आज की उम्र से तीन गुनी है। 4 वर्ष के बाद उन दोनों की उम्रों का जोड़ 68 वर्ष हो जाता है तो बताएँ कि दोनों की आज की उम्र क्या है?

**236** L-6

एक आयताकार खेत का क्षेत्रफल 875 वर्ग मीटर है। यदि उस खेत की चौड़ाई 25 मीटर है तो उसकी लम्बाई कितनी होगी?

**237** L-6

20 मीटर लम्बा तथा 10 मीटर चौड़ा एक आयताकार खेत के बीच में घास लगा हुआ है। यदि घास 8 मीटर भुजा वाले वर्गाकार क्षेत्र में लगा हुआ हो तो खेत के कितने क्षेत्र में घास नहीं लगा हुआ है?

**238** L-6

5 मीटर लम्बा तथा 4 मीटर चौड़ा एक आयताकार फ़र्श पर 20 सेंटीमीटर की भुजा वाले वर्गाकार टाइल लगानी हैं। बताएँ कि पूरे फ़र्श पर टाइल लगाने में कुल कितने टाइलें लगेंगी?

**239** L-6

एक पार्क की तीनों भुजाओं का योग 1800 मीटर है। बताएँ, उस पार्क का परिमाप क्या होगा?

**240** L-6

नीचे दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं?





# देखें और सोचें



## जगह की माप






नोट : दी गई आकृतियों में जहाँ भी एक रेखाखंड दूसरी रेखाखंड पर सीधी खड़ी है, उनसे बनने वाले कोण को $90^0$ मानें।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में प्रयुक्त विभिन्न आकृतियों के नाम लिखें।
- चित्र में कितने वर्ग हैं?
- समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल क्या होगा?
- समलम्ब का क्षेत्रफल ज्ञात करें।
- समान्तर चतुर्भुज तथा समलम्ब चतुर्भुज में अन्तर क्या है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

# आज के सवाल

**241** L-6

एक वर्ग का परिमाप 40 सेंटीमीटर लम्बा तथा 20 सेंटीमीटर चौड़ा एक आयत के परिमाप के बराबर है। बताएँ कि वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा?

**242** L-6

राजू ने एक वर्गाकार मैदान का 5 चक्कर लगाया। इस तरह उसने 400 मीटर की दूरी तय कर ली। बताएँ कि उस मैदान का क्षेत्रफल कितना है?

**243** L-6

400 मीटर लम्बा काँटेदार तार से एक वर्गाकार फूलों की क्यारी को 5 बार चारों ओर से घेरा गया। खम्भे से लपेटने में 40 मीटर तार लगा। बताएँ कि कितने क्षेत्र में फूलों की क्यारी लगी हुई है?

**244** L-6

एक कमरे की लम्बाई 5 मीटर, चौड़ाई 3 मीटर और ऊँचाई 4 मीटर है। बताएँ कि चारों दीवारों का क्षेत्रफल क्या होगा?

**245** L-6

एक रस्सी की लम्बाई 200 मीटर है। हमने उस रस्सी का एक वृत्त बना दिया। बताएँ, वृत का परिमाप 1200 मीटर या 800 मीटर या 200 मीटर में से क्या होगा?

**246** L-6

क्या आप बता सकते हैं कि नीचे दिए गए चित्र में कितने वर्ग हैं?





# देखें और सोचें

Day-82

## मेरा घर






नोट : दी गई आकृतियों में जहाँ भी एक रेखाखंड दूसरी रेखाखंड पर सीधी खड़ी है, उनसे बनने वाले कोण को $90^0$ मानें।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- घर के चित्र में कौन–कौन सी आकृतियों का प्रयोग हुआ है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

- वर्ग का परिमाप तथा क्षेत्रफल पता करें?
- आयत का क्षेत्रफल तथा परिमाप पता करें।
- त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या होगा?
- घर की दीवार में टाइलें लगवानी हैं। कुल कितनी टाइलें लगेंगी?

# आज के सवाल

**247** L-6

10 मीटर लम्बा, 7 मीटर चौड़ा और 5 मीटर ऊँचा एक बड़े हॉल में 6 वर्ग मीटर का एक दरवाज़ा और 2 वर्गमीटर की तीन खिड़कियाँ हैं। बताएँ कि चारों दीवारों का क्षेत्रफल क्या है?

**248** L-6

एक पेड़ 4 वर्ग मीटर की जगह लेता है। बताएँ कि 60 मीटर लम्बे और 40 मीटर चौड़े एक आयताकार खेत में ऐसे कितने पेड़ लगेंगे? (यह मानकर चलें कि पूरे खेत में पेड़ लगे हुए हैं।)

**249** L-6

आयताकार रूप में मुड़ी हुई एक तार 320 वर्ग सेंटीमीटर क्षेत्रफल घेरे हुए है। आयताकार क्षेत्र की लम्बाई 20 सेंटीमीटर है। इस तार को वर्गाकार रूप में मोड़े जाने पर वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा?

**250** L-6

30 मीटर लम्बे तथा 20 मीटर चौड़े एक आयताकार पार्क में लम्बाई तथा चौड़ाई के समानान्तर बीचों–बीच 2 मीटर चौड़ी दो सड़कें परस्पर काटती है। शेष भाग में घास लगी हुई है। बताएँ कि कितने क्षेत्र में घास लगी हुई है?

**251** L-6

ब्रेड पर मक्खन (Butter) लगाने की प्रक्रिया को हम परिमाप के तुल्य रखेंगे या क्षेत्रफल के?

**252** L-6

क्या आप इस चाँद को केवल दो रेखा खींच कर छः टुकड़ों में बाँट सकते हैं?



# Worksheet-14

Day-84

## Section-A

प्र. 1. सबसे बड़ी छः अंकों की संख्या को शब्दों में लिखें।

प्र. 2. सबसे छोटी आठ अंकों की संख्या को अंकों में लिखें।

प्र. 3. नीचे दिए गए Abacus से बनने वाली संख्या को शब्दों में लिखें ।

.............................................................................................................



## Section-B

प्र. 4. $5\overline{)502554}$

प्र. 5. 3,225 x 25 x 8 x 5 = ..................

## Section-C

प्र. 6. आठ अंकों की सबसे छोटी संख्या तथा सात अंकों की सबसे बड़ी संख्या में अंतर ज्ञात करें।

प्र. 7. अंक 0, 1, 5, 9, 6 से सबसे बड़ी संख्या तथा सबसे छोटी संख्या बनाकर दोनों संख्याओं का योग ज्ञात करें।

## Section-D

प्र. 8. नीचे दी गई आकृति का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करें।




प्र. 9. ऐसे सभी आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई ज्ञात करें जिनका क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर हो सकता है।

# आज के सवाल

**253** L-6

16 मीटर चौड़े कमरे में 80 सेंटीमीटर चौड़ी दरी बिछाने का ख़र्च 60 रु0 प्रति मीटर की दर से 7200 रु0 है। कमरे की लम्बाई कितनी है?

**254** L-6

एक कमरा 15 मीटर लम्बा तथा 10 मीटर चौड़ा है। इसके फ़र्श पर 13 रुपये प्रति मीटर की दर से 50 सेंटीमीटर चौड़ी दरी को बिछाने का ख़र्च क्या होगा?

**255** L-6

एक आयताकार पार्क की लम्बाई 80 मीटर तथा चौड़ाई 70 मीटर है। इसके अन्दर चारों ओर 4 मीटर चौड़ा रास्ता है। इस रास्ते पर 9 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से रोड़ी बिछाने का ख़र्च कितना होगा?

**256** L-6

एक आयताकार पार्क की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 2 मीटर अधिक है तथा इसका परिमाप 116 मीटर है। इस पार्क में 5 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से घास लगाने में कितने रुपये ख़र्च होंगे?

**257** L-6

मेरी पुस्तक ने मेज़ पर जितना स्थान घेरा हुआ है उसे हम क्या कहेंगे, क्षेत्रफल या परिमाप?

**258** L-6

नीचे दी गई आकृति 9 तीलियों से बनी है। क्या आप इनमें से दो तीलियाँ हटा कर नई जगह रख सकते हैं ताकि 3 वर्ग बन जाएँ?





# देखें और सोचें

Day-86

## सब्ज़ी–मंडी

आप अक्सर बाज़ार जाते हैं। आपने वहाँ देखा होगा कि भीड़ से भरे इस बाज़ार में तरह–तरह की दुकानें होती हैं। इन दुकानों में सब्ज़ियों का बाज़ार भी शुरू होता है, यहाँ बहुत चहल–पहल रहती है।

ऐसे ही गाँव के बाज़ार में कुछ सब्ज़ी वाले टोकरी भर कर बहुत सारी सब्ज़ियाँ लेकर आए और ज़ोर–ज़ोर से आवाज़ लगाकर सब्ज़ियों की क़ीमत बताने लगे और ख़रीदारों को बुलाने लगे।



**लखन** : ये लो, आलू 20 रुपये किलो और टमाटर 20 रुपये किलो।

**जोजो** : बहुत ही सस्ता कर दिया है, इससे सस्ता नहीं मिलेगा! भिण्डी ख़रीदें सिर्फ़ 60 रुपये में दो किलो।

**रघु** : 'मिर्च' 15 रुपये में एक पाव। गोभी 25 रुपये किलो है परंतु 100 रुपये में 5 किलो, ले जाओ, सस्ता कर दिया है।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- लखन कितने रुपये किलो आलू बेच रहा था?
- 2 किलो मिर्च के लिए ख़रीदार ने रघु को कितने रुपये दिए होंगे?
- मीना सब्ज़ी–मंडी से भिण्डी, आलू, गोभी एक–एक किलोग्राम ख़रीदती है तो बताएँ उसने कितने रुपये ख़र्च किए?
- यदि सभी सब्ज़ियाँ एक–एक किलो ख़रीदी जाए तो बताएँ दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे?
- आप अपनी पसंद की सब्ज़ी ख़रीदें और उसकी कुल क़ीमत ज्ञात करें।

# आज के सवाल

Day-87

**259** L-6

एक आयताकार बाग़ की लम्बाई 2 मीटर तथा चौड़ाई 15 मीटर है। बाग़ के चारों ओर तार लगाने के लिए कितने मीटर तार की ज़रूरत होगी?

**260** L-6

एक स्कूल की चारदीवारी की लम्बाई 50 मीटर तथा चौड़ाई 30 मीटर है। रमेश ने इस चारदीवारी का 5 चक्कर लगाया। बताएँ कि रमेश ने कुल कितनी दूरी तय किया?

**261** L-6

एक वर्गाकार मैदान का 8 चक्कर लगाने के बाद रवि को पता चला कि उसने 1280 मीटर की दूरी तय कर ली। बताएँ कि उस मैदान का परिमाप क्या है?

**262** L-6

10 रुपये प्रति मीटर की दर से एक वर्गाकार खेत को घेरने में 4000 रुपये ख़र्च होते हैं। इस खेत के चारों ओर 3 बार घूमने से राजेष कितनी दूरी तय कर पाएगा?

**263** L-6

नीतू को अपना दुपट्टा रंगवाना है, इसके लिए क्षेत्रफल जानना महत्त्वपूर्ण है या परिमाप?

**264** L-6

नाविक एक शेर, एक बकरी और कुछ घास को नदी के पार ले जाना चाहता है। नाव छोटी है एक बार में वह किसी एक को ही ले जा सकता है। बताएँ, नाविक तीनों को नदी के पार सुरक्षित कैसे ले जाएगा?



# देखें और सोचें



## घर का निरीक्षण करें और सवालों के जवाब दें




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- घर की छत का परिमाप कितना होगा?
- घर की दीवार का परिमाप कितना होगा?
- छत पर बनी खिड़की का परिमाप कितना होगा?
- दरवाज़े का परिमाप और उसके अंदर बने आयताकार काँच के परिमाप में कितने का अंतर होगा?
- छत की खिड़की और दीवार की खिड़की के परिमाप में कितने फुट का अंतर है?

# आज के सवाल

Day-89

**265** L-6

एक आयताकार काग़ज़ की लम्बाई 25 सेंटीमीटर तथा परिमाप 90 सेंटीमीटर है। बताएँ कि उस काग़ज़ की चौड़ाई कितनी है?

**267** L-6

गुणा और जोड़ का प्रयोग करते हुए एक ऐसा शाब्दिक प्रश्न लिखें जिसका उत्तर 1,225 हो?

**268** L-6

भाग और घटाव का प्रयोग करते हुए एक ऐसा शाब्दिक प्रश्न लिखें जिसका उत्तर 2,645 हो?

**269** L-6

जोड़ और घटाव का प्रयोग करते हुए एक ऐसा शाब्दिक प्रश्न लिखें जिसका उत्तर 46,328 हो?

**270** L-6

एक आयातकार खेत का क्षेत्रफल एक वर्गाकार खेत के क्षेत्रफल के बराबर है। यदि वर्गाकार खेत की भुजा 12 मीटर हो तथा आयातकार खेत की लम्बाई 16 मीटर हो, तो खेत की चौड़ाई ज्ञात करें।

**271** L-6

क्या आप एक तीली का स्थान बदल कर ऐसे जगह रख सकते हैं ताकि कथन सही हो जाए?



## Section-A

**प्र. 1.** 6,00,000 + 5,000 + 200 + 50 + 3 = ..............................

**प्र. 2.** >, = या < चिह्न लगाएँ।

2,46,378 ............................ 2,57,378

1,00,000 ............................ 98,999

3,15,225 ............................ 3,04,37,225

9,99,999 ............................ 9,99,999

**प्र. 3.** पैटर्न को समझ कर रिक्त स्थान भरें।

1,00,000, 2,00,000, 3,00,000 .............., .............., .............., 7,00,000

5,55,555, 5,55,455, 5,55,355 .............., .............., ..............,

## Section-B

**प्र. 4.** 3,25,617 − 2,13,218 =

**प्र. 5.** 6,17,30,307 − .......................... = 3,01,64,664

**प्र. 5.** यदि A + B = 7,60,000

तथा A - B = 3,80,000 हो तो

A ÷ B का मान क्या होगा?

## Section-C

**प्र. 6.** कमल के पास 2,50,000 रुपये का कर्ज़ है। यदि वह हर महीने 10,000 रुपये देता है तो कितने महीने में उसका कर्ज़ ख़त्म हो जाएगा?

**प्र. 7.** सुरजीत अपने नए घर के लिए TV 20,000 रुपये में, फ्रीज 32,000 रुपये में तथा वाशिंग मशीन 18,000 रुपये में ख़रीदता है। सुरजीत अगर ये सभी सामान नहीं ख़रीदता तो उसे कितने रुपये की बचत होती?

## Section-D

**प्र. 8.** जोज़फ के खेत की लम्बाई 5 मीटर तथा चौड़ाई 3 मीटर है। खेत के चारों ओर 150 रुपये प्रति मीटर की दर से कटीली तार लगाने का ख़र्च ज्ञात करें।

**प्र. 9.** नीचे दिए गए आयत का परिमाप तथा क्षेत्रफल ज्ञात करें।



| | | |
|---|---|---|
| 1<br>एक | 2<br>दो | 3<br>तीन |
| 4<br>चार | 5<br>पाँच | 6<br>छह |



7

सात

8

आठ

9

नौ

0

शून्य

  

# संख्या कार्ड

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 21 | 31 | 41 | 51 | 61 | 71 | 81 | 91 |
| 2 | 12 | 22 | 32 | 42 | 52 | 62 | 72 | 82 | 92 |
| 3 | 13 | 23 | 33 | 43 | 53 | 63 | 73 | 83 | 93 |
| 4 | 14 | 24 | 34 | 44 | 54 | 64 | 74 | 84 | 94 |
| 5 | 15 | 25 | 35 | 45 | 55 | 65 | 75 | 85 | 95 |
| 6 | 16 | 26 | 36 | 46 | 56 | 66 | 76 | 86 | 96 |
| 7 | 17 | 27 | 37 | 47 | 57 | 67 | 77 | 87 | 97 |
| 8 | 18 | 28 | 38 | 48 | 58 | 68 | 78 | 88 | 98 |
| 9 | 19 | 29 | 39 | 49 | 59 | 69 | 79 | 89 | 99 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

# बारहखड़ी कार्ड

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |

## पहाड़ों का मज़ा

| X | 1 एक | 2 दो | 3 तीन | 4 चार | 5 पाँच | 6 छह | 7 सात | 8 आठ | 9 नौ | 10 दस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (एकम) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 2 (दूनी) | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 |
| 3 (तिया) | 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 | 27 | 30 |
| 4 (चौके) | 4 | 8 | 12 | 16 | 20 | 24 | 28 | 32 | 36 | 40 |
| 5 (पंचे) | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 | 40 | 45 | 50 |
| 6 (छक्के) | 6 | 12 | 18 | 24 | 30 | 36 | 42 | 48 | 54 | 60 |
| 7 (सते) | 7 | 14 | 21 | 28 | 35 | 42 | 49 | 56 | 63 | 70 |
| 8 (अठे) | 8 | 16 | 24 | 32 | 40 | 48 | 56 | 64 | 72 | 80 |
| 9 (नवा) | 9 | 18 | 27 | 36 | 45 | 54 | 63 | 72 | 81 | 90 |
| 10 (दहा) | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

## विस्तार सारणी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1,00,000 | 10,000 | 1,000 | 100 | 10 | 1 |
| 2,00,000 | 20,000 | 2,000 | 200 | 20 | 2 |
| 3,00,000 | 30,000 | 3,000 | 300 | 30 | 3 |
| 4,00,000 | 40,000 | 4,000 | 400 | 40 | 4 |
| 5,00,000 | 50,000 | 5,000 | 500 | 50 | 5 |
| 6,00,000 | 60,000 | 6,000 | 600 | 60 | 6 |
| 7,00,000 | 70,000 | 7,000 | 700 | 70 | 7 |
| 8,00,000 | 80,000 | 8,000 | 800 | 80 | 8 |
| 9,00,000 | 90,000 | 9,000 | 900 | 90 | 9 |

# गिनती चार्ट

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 21 | 31 | 41 | 51 | 61 | 71 | 81 | 91 |
| 2 | 12 | 22 | 32 | 42 | 52 | 62 | 72 | 82 | 92 |
| 3 | 13 | 23 | 33 | 43 | 53 | 63 | 73 | 83 | 93 |
| 4 | 14 | 24 | 34 | 44 | 54 | 64 | 74 | 84 | 94 |
| 5 | 15 | 25 | 35 | 45 | 55 | 65 | 75 | 85 | 95 |
| 6 | 16 | 26 | 36 | 46 | 56 | 66 | 76 | 86 | 96 |
| 7 | 17 | 27 | 37 | 47 | 57 | 67 | 77 | 87 | 97 |
| 8 | 18 | 28 | 38 | 48 | 58 | 68 | 78 | 88 | 98 |
| 9 | 19 | 29 | 39 | 49 | 59 | 69 | 79 | 89 | 99 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

# बारहखड़ी 2

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |

# 1 से 10 तक पहाड़े

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 2 | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 |
| 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 | 27 | 30 |
| 4 | 8 | 12 | 16 | 20 | 24 | 28 | 32 | 36 | 40 |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 | 40 | 45 | 50 |
| 6 | 12 | 18 | 24 | 30 | 36 | 42 | 48 | 54 | 60 |
| 7 | 14 | 21 | 28 | 35 | 42 | 49 | 56 | 63 | 70 |
| 8 | 16 | 24 | 32 | 40 | 48 | 56 | 64 | 72 | 80 |
| 9 | 18 | 27 | 36 | 45 | 54 | 63 | 72 | 81 | 90 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

# बारहखड़ी 1

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णे | णै | णो | णौ | णं | णः |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |

# NOTES

# NOTES

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, दिल्ली
DELHI
SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः

**State Council for Educational Research and Training**
Varun Marg, Defence Colony, New Delhi-110024